पांचवीं लोक सभा

1971-77

सम्पादक
श्याम लाल शकधर
महासचिव, लोक सभा

लोक सभा सचिवालय

पाँचवीं लोक सभा

1971-77

संकलनकर्ता :
श्यामलाल शकधर
महासचिव, लोक सभा

लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली
द्वारा प्रकाशित



H32864
LI

PARLIA[illegible]RARY
No. C 30573-(1)
DATE 14-1-81

प्रकाशक

[illegible]

लोक सभा सचिवालय के लिए
नई दिल्ली

( ) प्रतिलिप्यधिकार लोक सभा सचिवालय, 1977

मुद्रक :

[illegible]

आमुख

यह प्रकाशन 1971-77 के महत्वपूर्ण वर्षों में पांचवी लोक सभा द्वारा किए गए प्रमुख कार्यों का विश्लेषण करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। पांचवी लोक सभा की विविध गतिविधियों के बारे में जानकारी विवरणों तथा सांख्यिकीय तालिकाओं के द्वारा तथा संक्षिप्त परिचायक टिप्पणियों द्वारा दी गई है। कुछ विवरणों में पूर्ववर्ती लोक सभाओं तथा 1929 के पश्चात् केन्द्रीय विधान सभा द्वारा किए गए कार्य का तुलनात्मक ब्योरा भी दिया गया है। प्रकाशन में पांचवी लोक सभा के सदस्यों तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों के सम्बन्ध में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी का समावेश है।

पांचवी लोक सभा की एक उल्लेखनीय घटना यह है कि संविधान में उन्नीस बार संशोधन किए गए तथा अन्तिम तथा सबसे अधिक विवादास्पद संशोधन संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976 था।

पांचवी लोक सभा का कार्यकाल दो बार एक एक वर्ष बढ़ाया जाना एक दूसरी महत्वपूर्ण घटना थी। किन्तु लोक सभा बढ़ी हुई अवधि समाप्त होने से पहले ही भंग कर दी गई।

आशा है कि यह प्रकाशन उन सभी व्यक्तियों के लिए रोचक तथा उपयोगी होगा जो हमारी राजनैतिक प्रणाली के कार्यकरण तथा संसद और संसदविदों के इस संबंध में योगदान का अध्ययन करने में लगे हैं।

श्यामलाल शकधर
महासचिव
लोक - सभा।

नई दिल्ली,
_____ मई, 1977

अनुक्रम

पृष्ठ

आमुख

1

पन्द्रहवीं लोक सभा : सामान्य सर्वेक्षण - 1 - 12

2

लोक सभा की सत्र - - 13 - 83

सत्रों के आरम्भ तथा अवसान होने की तिथियां (17); वार्षिक बैठकों की संख्या और अवधि (1935 से आगे) (18 -19); महत्वपूर्ण घटनाओं का कालक्रम (20-81); विभिन्न प्रकार के कार्यों में लगाया गया समय (82-83)

3

सदस्य तथा मंत्री - - 84 - 108

पन्द्रहवीं लोक सभा में राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के लिए सीटों का आवंटन (87); सदस्यों का आयु वर्गीकरण (88); लोक सभा में महिला सदस्यों की संख्या (89); सदस्यों के पूर्व व्यवसाय (90) ; सदस्यों पर व्यय (91) ; मंत्रि-परिषद के सदस्यों के नाम और उनके विभाग तथा उनमें समय समय पर होने वाले परिवर्तन (92-108)

4

प्रश्न - - - 109 - 139

प्राप्त प्रश्नों का निपटान (113); विभिन्न मंत्रालयों से पूछे गये प्रश्न (114 - 115); विभिन्न मंत्रालयों से पूछे गये प्रश्न (वर्षवार विवरण) (116 - 118) ; पन्द्रहवीं लोक सभा में पूछित प्रश्न (सदस्यवार ब्यौरा) (119 - 139)

5

विधान - - - 140 - 173

पारित किये गये विधेयकों की संख्या (1935 से आगे) (144 - 145); पारित किये गये विधेयकों के बारे में विश्लेषणात्मक चार्ट (146 - 151); पारित अधिनियमों का विषयवार वर्गीकरण (152 - 173)

6

प्रस्ताव, संकल्प आदि - - 174 - 252

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव (184); स्थगन प्रस्ताव (185 - 195); अविलम्बनीय लोक महत्व के विषयों पर ध्यान आकर्षण (196); नियम 193 के अन्तर्गत अल्पकालीन चर्चा (197 - 205); नियम 191 और 342 के अन्तर्गत प्रस्ताव (206 - 213); आधे घंटे की चर्चा (214 - 223); संकल्प (224 - 252)

7

विलेख/पत्र सभा-पटल पर रखे गए - 253 - 285

नियम 372 के अन्तर्गत मंत्रियों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण वक्तव्य (258); सभा पटल पर रखे गये पत्र (284 - 285)

8

समितियां - सम्मेलन - - 286 - 301

संसदीय समितियों के क्रियाकलाप (294 - 296); संसदीय सम्मेलन और बैठकें (197 - 301)

9

दर्शक - - 302 - 312

संसद भवन में आने वाले विदेशी शिष्टमंडल/गणमान्य व्यक्ति (305-310); लोक सभा की विभिन्न दीर्घाओं में आने वाले दर्शकों की संख्या (311); संसद भवन में आने वाले पर्यटकों की संख्या (312)

10

प्रेस - - - 313 - 315

प्रेस संवाददाताओं को दी गई सुविधायें (313-314)
लोक सभा की प्रेस दीर्घा (315)

11

विविध - - - 316 - 331

ग्रंथालय, संदर्भ, शोध, प्रलेखन तथा सूचना सेवा (316 - 325); संसदीय प्रकाशनों की बिक्री (326); संसदीय अध्ययन तथा प्रशिक्षण ब्यूरो (327 - 331)

घंटे थी और पहली लोक सभा की 677 बैठकें हुईं जिनकी अवधि लगभग 3,784 घंटे थी। पांचवी लोक सभा में बैठक की औसत अवधि 6 घंटे और 38 मिनट रही जबकि चौथी लोक सभा की 6 घंटे और 15 मिनट, तीसरी लोक सभा की 6 घंटे और 27 मिनट, दूसरी लोक सभा की 6 घंटे और 26 मिनट तथा पहली लोक-सभा की 5 घंटे और 25 मिनट थी।

सदस्यों की आयु

पांचवी लोक सभा की पहली बैठक के दिन आयु में सबसे छोटे सदस्य 25 वर्ष के थे तथा सबसे बड़े सदस्य की आयु 83 वर्ष 6 माह थी। सभा के समस्त सदस्यों की औसत आयु 49 वर्ष थी जबकि चौथी लोक सभा में औसत आयु 48 वर्ष, तीसरी लोक सभा में 48 वर्ष 10 माह, दूसरी लोक सभा में 46 वर्ष 4 माह और पहली लोक सभा में 45 वर्ष 8 माह थी।

पांचवी लोक सभा में अधिकतम सदस्य 46-50 वर्ष आयु-वर्ग में आते थे तथा चौथी लोक सभा में भी ऐसा ही था जब कि तीसरी, दूसरी और पहली लोक सभा में अधिकतम सदस्य क्रमशः 40-45, 35-40 और 50-55 वर्ष के आयु वर्ग में आते थे।

व्यवसाय की दृष्टि से सदस्यों का वर्गीकरण

पहली और दूसरी लोक सभा में अधिकतम सदस्य वकील थे तथा उनकी संख्या कुल सदस्यों की संख्या की क्रमशः 35.6 और 30.3 प्रतिशत थी। तथापि इस वर्ग का प्रतिनिधित्व कम होकर तीसरी लोक सभा में 24.5 प्रतिशत रहकर दूसरे स्थान पर, चौथी लोक सभा में 17.5 प्रतिशत रहकर तीसरे स्थान पर और पांचवी लोक सभा में 20.5 प्रतिशत रहकर फिर दूसरे स्थान पर आ गया।

पहली और दूसरी लोक सभा में विधि वेत्ताओं के बाद दूसरा सबसे बड़ा वर्ग कारतकारों तथा भूस्वामियों सहित कृषकों का था जिसका प्रतिनिधित्व क्रमशः 22.4 और 29.1 प्रतिशत रहा। इस वर्ग का स्थान तीसरी लोक सभा, चौथी लोक सभा और पांचवी लोक सभा में पहला रहा अर्थात् उसका प्रतिनिधित्व क्रमशः 27.4 प्रतिशत, 30.6 प्रतिशत और 33.2 प्रतिशत रहा।

राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्त्ताओं का प्रतिनिधित्व पिछली लोक सभाओं की तुलना में बढ़कर चौथी लोक सभा में दूसरे स्थान पर आ गया अर्थात् कुल सदस्यों में उनका प्रतिशत 22.9 था। तथापि उनका प्रतिनिधित्व कम होकर पुनः तीसरे स्थान पर आ गया। अर्थात् यह 19 प्रतिशत हो गया।

चौथी लोक सभा की तुलना में पांचवी लोक सभा में जिन वर्गों के प्रतिनिधित्व में अंशतः वृद्धि हुई उनमें प्राध्यापक, शिक्षाविद, पत्रकार तथा लेखक आते हैं। दूसरी ओर व्यापारियों, उद्योगपतियों, चिकित्सकों, भूतपूर्व नरेशों, राजनीतिक तथा सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, इंजीनियरों, वास्तु शिल्पियों, प्रौद्योगिकीविज्ञों, औद्योगिक कर्मचारियों तथा धार्मिक मिशनरियों का प्रतिनिधित्व चौथी लोक सभा की तुलना में पांचवी लोक सभा में कम रहा।

<u>राष्ट्रपति का सभा में अभिभाषण</u>

संविधान के अनुच्छेद 87(1) के अन्तर्गत राष्ट्रपति ने दोनों सभाओं में छह बार अर्थात् पांचवी लोक सभा के पहले, चौथे, सातवें, दसवें, तेरहवें तथा पन्द्रहवें अधिवेशनों में अभिभाषण दिया। इन अभिभाषणों में उल्लिखित विषयों पर धन्यवाद प्रस्ताव के समय प्रत्येक अवसर पर सविस्तार चर्चा हुई। इन चर्चाओं पर कुल 89 घंटे 53 मिनट लगे।

<u>विभिन्न कार्यों में लगा समय</u>

सभा के कार्य में जो कुल 4071 घंटे लगे, उसमें से विधायी कार्य (बजट को छोड़कर) में सबसे अधिक अर्थात् 1121 घंटे और 52 मिनट अथवा 27.55 प्रतिशत समय लगा। जबकि यह समय चौथी लोक सभा में 22.08

प्रतिशत, तीसरी लोक सभा में 23 प्रतिशत, दूसरी लोक सभा में 28.2 प्रतिशत और पहली लोक सभा में 48.8 प्रतिशत था।

पांचवी लोक सभा में चर्चा पर जो कुल समय लगा उसमें बजट पर हुई चर्चा पर लगने वाला समय 21.64 प्रतिशत रहा जबकि चौथी, तीसरी, दूसरी तथा पहली लोक सभा में यह क्रमशः 19.13 प्रतिशत, 25 प्रतिशत, 20.9 प्रतिशत और 19.5 प्रतिशत था।

पांचवी लोक सभा के दौरान प्रश्नों के कार्य पर 12.61 प्रतिशत समय लगा जब कि इसका प्रतिशत चौथी लोक सभा में 15.94, तीसरी और दूसरी लोक सभा में 15.1 और पहली लोक सभा में 14.6 रहा।

पांचवी लोक सभा में सदस्यों पर लगे समय का प्रतिशत चौथी लोक सभा में 6.45 प्रतिशत से घटकर 5.17 प्रतिशत रह गया, जबकि तीसरी लोक सभा ने 5.9 प्रतिशत, दूसरी लोक सभा ने 5.5 प्रतिशत और पहली लोक सभा ने 6.3 प्रतिशत समय लिया। पांचवी लोक सभा में प्रस्तावों पर लगा समय 6.55 प्रतिशत था, जब कि चौथी लोक सभा में 9.22 प्रतिशत, तीसरी लोक सभा में 13.2 प्रतिशत, दूसरी लोक सभा में 13.7 प्रतिशत और पहली लोक सभा में 7.1 प्रतिशत समय लगा। शेष समय स्थगन प्रस्तावों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं, आधा घंटे की चर्चाओं, अल्प-कालीन चर्चाओं, राष्ट्रपति के अभिभाषणों पर चर्चाओं, मन्त्रियों के वक्तव्यों और विविध कार्यों पर लगा।

<u>विधायी कार्य</u>

पांचवी लोक सभा के कार्यकाल के दौरान, प्रशासनिक, वित्तीय, आर्थिक और सामाजिक विषयों से सम्बन्धित बड़ी संख्या में विधायी उपायों को कानून की पुस्तिका में शामिल किया गया। कुल 482 अधिनियम बनाये

गये, जिनमें से 173 वित्तीय विषयों से सम्बन्धित थे। संविधान में उन्नीस बार संशोधन किया गया, जिसकी शुरुआत संविधान (बीसवाँ संशोधन) अधिनियम, 1971 द्वारा की गई। पाँचवीं लोक सभा के कार्यकाल के दौरान संविधान संशोधनों की संख्या में संविधान (बयालीसवाँ संशोधन) अधिनियम, 1976 अन्तिम था।

प्रशासनिक क्षेत्र के महत्वपूर्ण अधिनियमों में, आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखना अधिनियम, 1971; नियन्त्रक और महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, शक्तियाँ और सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971; राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971; पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971; भारतीय रियासतों के शासक (विशेषाधिकार उन्मूलन) अधिनियम, 1972; राज्य सेवा अधिकारियों के भूतपूर्व सचिव (सेवा शर्तें) अधिनियम, 1972 और यूनियन लोकों का विभागीकरण (कार्यों का स्थानान्तरण) अधिनियम, 1976 का उल्लेख किया जा सकता है।

आर्थिक क्षेत्र में जो महत्व पूर्ण अधिनियम पारित किये गये उनमें अतिरिक्त परिलब्धियाँ (अनिवार्य जमा) अधिनियम, 1974; अनिवार्य जमा योजना (आयकर दाता) अधिनियम, 1974; विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी संबंधी गतिविधियाँ निरोधक अधिनियम; 1974; आय और धन का स्वैच्छिक प्रकटन अधिनियम, 1976 और तस्कर तथा विदेशी मुद्रा प्रबंधक (सम्पत्ति जब्त किया जाना) अधिनियम, 1976 शामिल हैं।

सामाजिक और कल्याण क्षेत्रों में, गर्भ की चिकित्सीय समाप्ति अधिनियम, 1971; इण्डियन्स केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1973, जल (प्रदूषण रोक और नियन्त्रण) अधिनियम 1974; सिगरेट (उत्पादन, संप्लाई और वितरण का नियमन) अधिनियम, 1974; बोनस का भुगतान (संशोधन) अधिनियम, 1972; बंधुआ मजदूर प्रथा (समाप्ति) अधिनियम, 1975;

समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976; विवाद कानून (संशोधन) अधिनियम, 1976 और अस्पृश्यता (अपराध) संशोधन और विविध प्रावधान अधिनियम 1976 का उल्लेख किया जा सकता है।

कानून, न्यायिक और संसदीय क्षेत्रों में उल्लेखनीय विधान सिविल प्रक्रिया संहिता (संशोधन) अधिनियम, 1973; दंड प्रक्रिया संहिता अधिनियम, 1974, आर्थिक अपराध (परिसीमा का लागू न होना) अधिनियम, 1974, न्यायालय अवमान अधिनियम, 1971, उच्चतम न्यायालय (दंड अपील क्षेत्राधिकार का विस्तार) संशोधन अधिनियम, 1972, संसद् सदस्यों के वेतन तथा भत्ते (संशोधन) अधिनियम, 1972, राष्ट्रपतीय और उपराष्ट्रपतीय (संशोधन) अधिनियम, 1974, संसदीय कार्यवाही (प्रकाशन संरक्षण) निरसन अधिनियम, 1976, लोक सभा (कार्यावधि का विस्तारण) अधिनियम, 1976, केरल विधान सभा (कार्यावधि का विस्तारण) अधिनियम, 1975 और इनमें परवर्ती संशोधन थे।

पांचवीं लोक सभा द्वारा बनाये गये अन्य महत्वपूर्ण विधान औषधकारी कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1972, कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1973; तेल उद्योग (विकास) अधिनियम, 1974, कृषि-विपणन अधिनियम, 1972, समाचार-पत्र (मूल्य नियंत्रण) अधिनियम, 1972, लघु कपड़ा उपक्रम (प्रबन्ध-ग्रहण) अधिनियम, 1972, पुरातत्व तथा संस्कृति अधिनियम, 1972 और विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम, 1976 थे।

<u>स्थगन प्रस्ताव</u>

पांचवीं लोक सभा की अवधि में 396 स्थगन प्रस्तावों की सूचनायें प्राप्त हुई थीं जिनमें 51 को सभा के समक्ष रखा गया जो कुल संख्या का 5.12 प्रतिशत है। इनमें से 10 स्थगन प्रस्तावों को ग्रहण किया गया और इन पर विचार-विमर्श हुआ तथा इन पर 63 घंटे और 49 मिनट का

का कुल समय लगा। स्थगन प्रस्तावों के जरिए उठाये गये कुछ विषय अत्यावश्यक वस्तुओं के मूल्यों में असाधारण वृद्धि को रोकने और लोगों को आवश्यकताओं की पर्याप्त मात्रा मुहैया करने में सरकार की असफलता, रेलवे कर्मचारियों के नेताओं की गिरफ्तारी, दिल्ली के सदर बाजार क्षेत्र में दंगों को रोकने में असफलता, पश्चिम बंगाल, आसाम, उड़ीसा आदि में अकाल की स्थिति का प्रभावशाली ढंग से हल करने में असफलता तथा समस्तीपुर बम कांड के रहस्य को हल करने में सरकार की असफलता और जांच आयोग की स्थापना में असाधारण विलम्ब से संबंधित थे। सभी स्थगन प्रस्ताव सभा ने अस्वीकार कर दिये थे।

अविश्वास प्रस्ताव

पांचवीं लोक सभा के कार्यकाल में सभा के समक्ष 15 अविश्वास प्रस्ताव लाये गये। इनमें से 5 गृहीत किये गये और इन पर विचार हुआ, एक अविश्वास प्रस्ताव रोक दिया गया और 9 अविश्वास प्रस्ताव सम्बन्धित सदस्यों द्वारा सभा में वापस ले लिये गये। सभी अविश्वास प्रस्ताव, जिन पर चर्चा हुई थी, सभा द्वारा अस्वीकार कर दिये गये।

ध्यानाकर्षण

पांचवीं लोक सभा में लोक सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन संबंधी नियमों के नियम 197 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोक महत्व के विषयों संबंधी ~~28,983~~ 28,983 ध्यानाकर्षण सूचनाओं की रिकार्ड संख्या प्राप्त हुई। इनमें से ~~4,343~~ 4,343 सूचनायें गृहीत की गईं जो कुल प्राप्त सूचनाओं का 14·9 प्रतिशत है। गृहीत की गई सूचनाओं के उत्तर में संबंधित मंत्रियों द्वारा सभा में 315 वक्तव्य दिये गये।

* बहुत से मामलों में एक ही विषय पर अनेक नोटिस मिले, और ऐसे नोटिसों के लिए एक ही वक्तव्य दिया गया

प्रस्ताव

पांचवी लोक सभा में नियम 191 (अनियत दिन वाले प्रस्ताव), नियम 193 (अविलम्बनीय लोक महत्व के विषयों पर थोड़े समय के लिये चर्चा), नियम 342 (किसी नीति या स्थिति या वक्तव्य या किसी अन्य विषय पर विचार किया जाना) और नियम 55 (सदस्य द्वारा पूछे गये प्रश्न के उत्तर से उठने वाले पर्याप्त लोक महत्व के विषय पर आधे घंटे की चर्चा) के अन्तर्गत लोक महत्व के विषयों पर बहुत सी चर्चायें उठाई गईं।

नियम 191 के अन्तर्गत 16 प्रस्तावों, नियम 342 के अन्तर्गत 29 प्रस्तावों और नियम 193 के अन्तर्गत 29 प्रस्तावों पर चर्चा हुई। नियम 55 के अन्तर्गत हुई आधे घंटे की चर्चाओं की कुल संख्या 120 थी।

नियम 191 और 342 के अन्तर्गत निम्नलिखित मामले उठाये गये : संसद् के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान सदस्य के आचरण का निन्दनीय, पाकिस्तान को अमरीकी हथियारों का भेजा जाना, भारत और रूस के बीच शांति, मित्रता और सहयोग की संधि, भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सम्बन्धों के बारे में शिमला में हस्ताक्षर किया गया करार, पांचवी योजना, 1974-79 के बारे में प्रस्ताव, चीनी उद्योग जांच आयोग का प्रतिवेदन, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के गुम गायब हो जाने के बारे में जांच आयोग का प्रतिवेदन, जम्मू और कश्मीर राज्य के बारे में प्रधान मंत्री का वक्तव्य, भारत में महिलाओं के दर्जे के बारे में समिति का प्रतिवेदन, राष्ट्रीय बाल नीति आदि।

नियम 193 के अन्तर्गत निम्नलिखित महत्वपूर्ण मामले उठाये गये – राष्ट्रीयकृत बैंकों का कार्यकरण, कृषि जोत की अधिकतम सीमा, कर्मचारियों को बोनस का भुगतान, भारत में सी0 आई0 ए0 की गतिविधियां, विद्यार्थियों में असन्तोष, रेलवे में हड़ताल, हरिजनों पर किये गये कथित अत्याचार,

इंडियन एयर लाइंस में तालाबन्दी, भारत द्वारा परमाणु विस्फोट, भारत के मुख्य न्यायाधीश की हत्या का प्रयास और चासनाला कोयला खानों में दुर्घटना।

संकल्प

पांचवी लोक सभा के दौरान कुल मिलाकर 140 संकल्पों पर चर्चा की गई जबकि चौथी लोक सभा में 79, तीसरी लोक सभा में 84, दूसरी लोक सभा में 83 और पहली लोक सभा में 67 संकल्पों पर चर्चा हुई थी। 140 संकल्पों में 14 सरकारी संकल्प थे जो सब स्वीकार कर लिये गये, 87 सांविधिक संकल्प थे जिनमें से 44 संकल्प स्वीकार कर लिये गये और 39 गैर सरकारी संकल्प थे जिनमें से 4 स्वीकार किये गये। स्वीकृत किये गये गैर-सरकारी सदस्यों के संकल्प भूमि सुधार, नौकरियों के अवसर सृजन करने और कृषि श्रमिकों आदि की मजदूरी निर्धारित करने, देश में फासिस्टवाद का प्रतिवाद करने के बारे में सिफारिशें करने के लिये संसदीय समिति का गठन और भारतीय महिलाओं के विरुद्ध अन्याय समाप्त करने के उपाय से सम्बन्धित थे।

प्रश्न

पांचवी लोक सभा के दौरान कुल 2,52,700 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई जबकि चौथी लोक सभा के दौरान 2,64,742, तीसरी लोक सभा के दौरान 1,62,334, दूसरी लोक सभा के दौरान 1,33,328 और पहली लोक सभा के दौरान 71,907 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई थी। प्राप्त सूचनाओं में 98,606 प्रश्न, जो कुल प्रश्नों का 39.02 प्रतिशत बैठता है, गृहीत किए गए। कुल प्राप्त हुए प्रश्नों के संबंध में चौथी, तीसरी, दूसरी और पहली लोक सभाओं के दौरान ये आंकड़े क्रमशः 93,538 अथवा 35.3 प्रतिशत, 58,440 अथवा 35 प्रतिशत, 62,800 अथवा

47 प्रतिशत और 43,350 अथवा 61 प्रतिशत रहे।

कुल गृहीत प्रश्नों में 37,097 अथवा 38.33 प्रतिशत अतारांकित, 11,439 अथवा 11.60 प्रतिशत तारांकित और केवल 70 अथवा .07 प्रतिशत अल्प सूचना प्रश्न थे।

जिन मंत्रालयों को सबसे अधिक प्रश्न सम्बोधित किये गये उनमें कृषि(9,666), रेलवे (8,733), वित्त (8,613), वाणिज्य (6,875) औद्योगिक विकास (5,809), पैट्रोलियम और रसायन (3,574) थे।

संसदीय समितियों की गतिविधियां :

पांचवी लोक सभा के दौरान स्थायी संसदीय समितियों ने अपनी 2,155 बैठकें की – इनमें से तीन वित्तीय समितियों की बैठकों की संख्या 1,138 है।

प्राक्कलन समिति की 362 बैठकें हुईं जिनमें 791 घण्टों का समय लगा। समिति ने 48 उप-समितियां/अध्ययन दल गठित किये और 102 प्रतिवेदन पेश किये। समिति ने अपने दौरों के दौरान 458 संस्थानों/संगठनों का दौरा किया।

लोक लेखा समिति ने 406 बैठकें कीं जिनमें 1053 घण्टों का समय लगा। समिति ने 45 उप-समितियों/अध्ययन दल गठित किये और 185 कार्यालयों का दौरा किया। समिति ने 262 प्रतिवेदन पेश किये।

सरकारी उपक्रम समिति ने 370 बैठकें की जिनमें 814 घण्टों का समय लगा। समिति ने 40 उपसमितियों/अध्ययन दल गठित किये और 238 संस्थानों/संगठनों का दौरा किया। समिति ने कुल 90 प्रतिवेदन प्रस्तुत किये।

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति ने 115 बैठकें की जिनकी कुल अवधि 245 घण्टे रही। समिति ने 39

उपसमितियों/अध्ययन दलों का गठन किया और 114 स्थानों का दौरा किया। समिति ने 59 प्रतिवेदन प्रस्तुत किये।

उपर्युक्त समितियों में से, विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों ने अपनी कुल 164 बैठकें की और 9 प्रतिवेदन पेश किये। विधेयकों संबंधी संयुक्त समिति ने 356 बैठकें कीं और 13 प्रतिवेदन पेश किये। निर्वाचन विधि के संशोधन संबंधी संयुक्त समिति, न्यायाधीश (जांच) नियम संबंधी संयुक्त समिति, संसदीय संबंधी समिति और राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान सदस्य के आचरण संबंधी समिति ने अपनी क्रमशः 35, 2, 6 और 16 बैठकें की। निर्वाचन विधि के संशोधन संबंधी संयुक्त समिति ने एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान सदस्य के आचरण संबंधी समिति ने 3 प्रतिवेदन प्रस्तुत किये। अन्य दो समितियों ने कोई प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया।

<u>सदस्यों को दी जाने वाली सेवा</u>

पन्द्रहवीं लोक सभा के दौरान सदस्यों से उनके संसदीय कार्य के बारे में प्राप्त 4094 संदर्भों के लिये उन्हें विशद सूचना दी गयी। इसके अतिरिक्त सदस्यों को 4839 संदर्भों की तत्काल मौखिक रूप से सूचना दी गई। सदस्यों को नवीनतम विचारधाराओं और घटनाओं से अवगत कराने के लिए संसद की ग्रंथालय और संदर्भ, शोध, प्रलेखन तथा सूचना सेवा अनेक पत्र पत्रिकाएं प्रकाशित करती हैं, जैसे कि जर्नल आफ पार्लियामेंटरी इन्फार्मेशन (त्रैमासिक), दि डाइजेस्ट आफ चुने हुए न्यूज आर्टिकिल्स पब्लिक अफेयर्स (मासिक), दि डाइजेस्ट आफ सेन्ट्रल एक्ट्स (त्रैमासिक), दि डाइजेस्ट आफ लेजिसलेटिव एंड कन्स्टीट्यूशनल केसेस (त्रैमासिक), दि डायरी आफ पोलिटिकल इवेन्ट्स (मासिक), एक्ट्रेक्ट आफ बुक्स, रिपोर्ट्स एंड आर्टिकल्स (त्रैमासिक), डाक्युमेंटेशन न्यूजलेटर (मासिक) और संसदीय पत्रिका (हिंदी त्रैमासिक)।

अध्याय - एक

लोक सभा के सत्र

संसद देश की सर्वोच्च विधायी निकाय है। हमारी संसद राष्ट्रपति तथा दो सदनों – लोक सभा (हाउस आफ़ दी पीपुल) और राज्य सभा (कौंसिल आफ़ स्टेट्स) से मिलकर बनी है। राष्ट्रपति को संसद के किसी भी सदन को बुलाने तथा स्थगित करने का अथवा भंग करने का अधिकार है।

26 जनवरी, 1950 को भारत का संविधान लागू होने के बाद तथा नये संविधान के अधीन पहले आम चुनाव कराये जाने के बाद पहली निर्वाचित संसद का गठन 13 अप्रैल, 1952 को किया गया था। पहली लोक सभा की पहली बैठक 13 मई, 1952 को हुई थी तथा राष्ट्रपति ने उसकी 14 अप्रैल, 1957 को सामान्य काल समाप्त होने के अट्ठतीस दिन पहले भंग कर दिया था। दूसरी लोक सभा की पहली बैठक 10 मई, 1957 को हुई थी तथा उसे 3 मार्च, 1962 को सामान्य काल समाप्त होने से बासठ दिन पहले भंग कर दिया गया था। तीसरी लोक सभा की पहली बैठक 16 अप्रैल, 1962 को हुई थी तथा वह 3 मार्च, 1962 को सामान्य काल समाप्त होने से बयालीस दिन पहले भंग कर दी गई थी। चौथी लोक सभा 16 मार्च, 1967 को आरंभ हुई तथा 27 दिसम्बर, 1970 को अवधि समाप्त होने से एक वर्ष उन्यासी दिन पहले भंग कर दी गई थी।

मार्च, 1971 में पांचवें आम चुनाव के बाद पांचवीं लोक सभा की प्रथम बैठक 19 मार्च, 1971 को आरंभ हुई थी। पांचवीं लोक सभा का काल तो 18 मार्च, 1976 को समाप्त होना था, हाउस आफ़ दि पीपुल (एक्सटेंशन आफ़ ड्यूरेशन) एक्ट, 1976 के द्वारा एक वर्ष अर्थात् 18 मार्च, 1977 तक के लिए बढ़ा दिया गया। इस अवधि को हाउस आफ़ दि पीपुल (एक्सटेंशन आफ़ ड्यूरेशन) अमेंडमेंट एक्ट, 1976 के द्वारा एक और

लोक सभा में 25.00 प्रतिशत, दूसरी लोक सभा में 20.9 प्रतिशत तथा पहली लोक सभा में 18.5 प्रतिशत समय बजट पर चर्चा के लिए लिया गया था।

पांचवी लोक सभा में प्रश्नों के लिए कुल समय का 12.6 प्रतिशत लिया गया था जबकि यह समय चौथी लोक सभा में 15.94 प्रतिशत, तीसरी और दूसरी लोक सभा में 15.1 प्रतिशत तथा पहली लोक सभा में 14.6 प्रतिशत था।

पांचवी लोक सभा में संकल्पों पर समय का प्रतिशत 5.17 था जबकि चौथी लोक सभा में 6.43 प्रतिशत, तीसरी लोक सभा में 5.9 प्रतिशत, दूसरी लोक सभा में 5.5 प्रतिशत तथा पहली लोक सभा में 6.3 प्रतिशत था। पांचवी लोक सभा में प्रस्तावों पर 6.55 प्रतिशत समय लिया गया जबकि चौथी लोक सभा में 9.22 प्रतिशत, तीसरी लोक सभा में 13.2 प्रतिशत, दूसरी लोक सभा में 13.7 प्रतिशत तथा पहली लोक सभा में 7.1 प्रतिशत समय लिया गया। शेष समय स्थगन प्रस्तावों, ध्यान दिलाने वाली सूचनाओं, आधे घंटे की चर्चाओं, अल्पावधि चर्चाओं, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर विवादों, मंत्रियों के वक्तव्यों तथा विविध विषयों के लिए लिया गया।

~~सामायिक~~

1- पांचवीं लोक सभा के सत्रों के आरम्भ तथा अवसान होने की तिथियां दर्शाने वाला विवरण

सत्र	आरम्भ होने की तिथि	सत्रावसान होने की तिथि	सत्र की अवधि (दिनों में)	कुल दिन जब बैठक हुई	वर्ष में कुल दिन जब सभा की बैठक हुई
पहला सत्र	19-3-1971	2-4-1971	15	12	
दूसरा सत्र	24-5-1971	12-8-1971	81	59	102
तीसरा सत्र	15-11-1971	23-12-1971	39	31	
चौथा सत्र	13-3-1972	1-6-1972	81	57	
पांचवां सत्र	31-7-1972	4-9-1972	36	25	111
छठा सत्र	13-11-1972	22-12-1972	40	29	
सातवां सत्र	19-2-1973	16-5-1973	87	58	
आठवां सत्र	23-7-1973	5-9-1973	45	31	120
नवां सत्र	12-11-1973	22-12-1973	41	31	
दसवां सत्र	18-2-1974	10-5-1974	82	54	
ग्यारहवां सत्र	22-7-1974	9-9-1974	50	38	119
बारहवां सत्र	11-11-1974	20-12-1974	40	27	
तेरहवां सत्र	17-2-1975	9-5-1975	82	49	63
चौदहवां सत्र	21-7-1975	7-9-1975	18	14	
पन्द्रहवां सत्र	5-1-1976	6-2-1976	33	22	
सोलहवां सत्र	8-3-1976	27-5-1976	81	48	98
सत्रहवां सत्र	10-8-1976	2-9-1976	24	17	
अठारहवां सत्र	25-10-1976	5-11-1976	12	11	

1946	75	356 - 00
1947	68	323 - 00
1948	74	352 - 00

* लोक सभा सम्बन्धी अधिनियम 13 मई, 1952 से लागू के हैं। इससे पहले की अवधि के बारे में ये अधिनियम या तो केन्द्रीय विधान सभा (1929 से 3 फरवरी, 1947 तक) अथवा संविधान सभा (विधान) (17 नवम्बर, 1947 से 28 नवम्बर, 1949 तक) या अस्थायी संसद (28 जनवरी, 1950 से 5 फरवरी, 1952 तक) से सम्बन्धित हैं।

1- प्रत्येक लोक सभा के सत्र

	आरम्भ होने की तिथि	सत्रावसान होने की तिथि
सत्र	19-3-1971	2-4-1971
सत्र	24-5-1971	12-8-1971
सत्र	15-11-1971	23-12-1971
सत्र	13-3-1972	1-6-1972
सत्र	31-7-1972	4-9-1972
त्र	13-11-1972	22-12-1972
सत्र	19-2-1973	16-5-1973
सत्र	23-7-1973	5-9-1973
त्र	12-11-1973	22-12-1973
सत्र	18-2-1974	10-5-1974
वां सत्र	22-7-1974	9-9-1974
वां सत्र	11-11-1974	20-12-1974
सत्र	17-2-1975	9-5-1975
सत्र	21-7-1975	7-9-1975
सत्र	5-1-1976	6-2-1976
सत्र	8-3-1976	27-5-1976
सत्र	10-8-1976	2-9-1976
वां सत्र	25-10-1976	5-11-1976

1945	41	194 - 00
1946	75	356 - 00
1947	68	323 - 00
1948	74	352 - 00

लोक सभा सम्बन्धी आंकड़े 13 मई, 1952 से आगे के हैं। इससे पहले की अवधि के बारे में ये आंकड़े या तो केन्द्रीय विधान सभा (1929 से 3 फरवरी, 1947 तक) अथवा संविधान सभा (विधान) (17 नवम्बर, 1947 से 28 नवम्बर, 1949 तक) या अस्थायी संसद (28 जनवरी, 1950 से 5 फरवरी, 1952 तक) से सम्बन्धित हैं।

2. लोक-सभा की प्रति बैठकों की संख्या और अवधि पर्यन्त तुलनात्मक विवरण *

(एक तुलनात्मक अध्ययन)

वर्ष	बैठकों की संख्या	बैठकों की अवधि (घंटों में)
1929	62	295 - 00
1930	55	261 - 00
1931	83	394 - 00
1932	68	396 - 00
1933	109	510 - 00
1934	89	423 - 00
1935	66	206 - 00
1936	86	409 - 00
1937	78	468 - 00
1938	99	468 - 00
1939	59	280 - 00
1940	52	247 - 00
1941	46	219 - 00
1942	41	194 - 00
1943	67	319 - 00
1944	52	247 - 00
1945	41	194 - 00
1946	75	356 - 00
1947	68	323 - 00
1948	74	352 - 00

* लोक सभा सम्बन्धी आंकड़े 13 मई, 1952 से आगे के हैं। इससे पहले की अवधि के बारे में ये आंकड़े या तो केन्द्रीय विधान सभा (1929 से 3 फरवरी, 1947 तक) अथवा संविधान सभा (विधान) (17 नवम्बर, 1947 से 28 नवम्बर, 1949 तक) या अस्थायी संसद (28 जनवरी, 1950 से 5 फरवरी, 1952 तक) से सम्बन्धित हैं

19

1949	79	362 - 00
1950	99	496 - 00
1951	150	987 - 00
1952	123	830 - 00
1953	137	749 - 00
1954	137	716 - 00
1955	139	859 - 00
1956	151	1026 - 00
1957	106	668 - 00
1958	125	781 - 00
1959	123	792 - 00
1960	121	798 - 00
1961	102	668 - 00
1962	116	730 - 00
1963	122	787 - 00
1964	122	753 - 00
1965	113	730 - 00
1966	119	810 - 00
1967	110	699 - 00
1968	120	801 - 00
1969	120	747 - 00
1970	119	782 - 00
1971	102	616 - 20 मिनट
1972	111	699 - 35 मिनट
1973	120	814 - 25 मिनट
1974	119	853 - 10 मिनट
1975	63	441 - 45 मिनट (45
1976	98	645 - [illegible] मिनट

3. पांचवीं लोक सभा की महत्वपूर्ण घटनाओं का कालक्रम

1971

19-3-71	पांचवीं लोक-सभा की पहली बैठक।
22-3-71	श्री गुरदयाल सिंह ढिल्लन अध्यक्ष चुने गये।
23-3-71	एक साथ समवेत दोनों संसद के दोनों सदनों के समक्ष राष्ट्रपति का अभिभाषण।
	रेल बजट (1971-72) प्रस्तुत किया गया।
	संघीय बजट (1971-72) प्रस्तुत किया गया।
24-3-71	सामान्य बजट (1971-72) प्रस्तुत किया गया।
26-3-71	पश्चिम बंगाल से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस तथा अन्य केन्द्रीय दलों को तुरन्त वापस बुला ही जाने की मांग करते हुए श्री भौमिक द्वारा प्रस्तावित संकल्प पर चर्चा।
27-3-71	श्री जी० जी० स्वैल उपाध्यक्ष चुने गये।
	पाकिस्तान में हाल में हुई घटनाओं के बारे में विदेश मंत्री द्वारा वक्तव्य।
	पश्चिम बंगाल बजट (1971-72) प्रस्तुत किया गया।
	उड़ीसा बजट (1971-72) प्रस्तुत किया गया।
	मैसूर बजट (1971-72) प्रस्तुत किया गया।
29-3-71	श्री कृष्ण चन्द्र पंत द्वारा प्रस्तुत संकल्प स्वीकृत हुआ जिसमें पश्चिम बंगाल के संबंध में दिनांक 19 मार्च, 1970 की उद्घोषणा को दिनांक एक अप्रैल, 1971 से छः महीने की अतिरिक्त अवधि तक जारी रखने की मांग की गई थी।
30-3-71	आयात और निर्यात (नियंत्रण) संशोधन विधेयक, 1971 पारित किया गया।
	(राज्य सभा द्वारा : 23-3-71
	राष्ट्रपति की अनुमति : 30-3-71)

30.3.71
3.3.71
1.4.71
2.4.71

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा।

3.3.71

प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी द्वारा प्रस्तुत संकल्प स्वीकृत हुआ जिसमें पूर्वी बंगाल में हाल की घटनाओं पर गहन दुःख और गम्भीर चिंता व्यक्त की गई तथा पूर्वी बंगाल की जनता को 'भारत की जनता की हार्दिक सहानुभूति तथा समर्थन का आश्वासन दिया गया।'

2.4.71

भविष्य निधि विधियां (संशोधन) विधेयक, 1971 पारित किया गया।

(राज्य सभा द्वारा 6.4.71।
राष्ट्रपति की अनुमति : 23.4.71)

हिमाचल प्रदेश राज्य (संशोधन) विधेयक, 1971 पारित किया गया।

(राज्य सभा द्वारा 6.4.71।
राष्ट्रपति की अनुमति : 19.4.71)

श्री इन्द्रजीत मन्त्री द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव स्वीकृत हुआ जिसमें श्री रामदेव सिंह के आचरण का धीर निरनुमोदन किया गया जिन्होंने दिनांक 23 मार्च, 1971 को एक साथ समवेत संसद के दोनों सदनों के समक्ष राष्ट्रपति के अभिभाषण के पावन अवसर पर बाधा डाली तथा राष्ट्रपति के प्रति असम्मान दिखाया तथा जिसमें उनके अनर्गल, गरिमाहीन और अनुचित व्यवहार की भर्त्सना की गई।

श्री अण्णासाहिब पी० शिंदे द्वारा प्रस्तुत संकल्प स्वीकृत हुआ जिसमें भारतीय आयुध निगम की सेवा को आवश्यक सेवा घोषित किया गया।

24.3.71

रेल बजट (1971-72) पुरःस्थापित किया गया।

श्री कृष्ण चन्द्र पन्त द्वारा प्रस्तुत नेपाल राज्य के बारे में 27 मार्च, 1971 को राष्ट्रपति द्वारा जारी की गई घोषणा का अनुमोदन करने का संकल्प स्वीकृत हुआ।

बंगलादेश की स्थिति के बारे में प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी का वक्तव्य।

25.3.71

कृषि मन्त्री का खेती नीति के बारे में वक्तव्य।

25.3.71
26.3.71

पाकिस्तानी सैनिक शासन द्वारा किये गये कत्लेआम और अत्याचारों के कारण पूर्वी बंगाल से लाखों शरणार्थियों के भारत आगमन और पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा के सीमावर्ती क्षेत्रों में पाकिस्तानी सेनाओं द्वारा किये गये हमलों से उत्पन्न गम्भीर स्थिति के बारे में [illegible] श्री ए० के० सेन द्वारा उठाई गई चर्चा।

PARLIAMENT LIBRARY
No. 395736 (14.1.81)

28-5-71 । सामान्य बजट (1971-72) - प्रस्तुत किया गया।

2-6-71 विदेश मंत्री का बिहार की संसेरा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा उनके विरुद्ध एक व्यक्ति की वाली जांच आयोग की नियुक्ति के बारे में वक्तव्य।

आम बीमा (आयात उपबन्ध) विधेयक, 1971। - पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 7 जून, 1971।
राष्ट्रपति की स्वीकृति 17 जून, 1971।)

8-6-71 श्री तुलमोहन राम का 28 नवम्बर, 1969 को अपनी कथित गिरफ्तारी और लोक सभा के अध्यक्ष को उसकी जानकारी न दिये जाने के बारे में विशेषाधिकार प्रस्ताव - स्वीकृत हुआ।

14-6-71 बंगाल वित्त (बिक्री कर) (दिल्ली - नियुक्तियों और कार्यवाही का विधिमान्यकरण) विधेयक, 1971। - पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 16-6-71।
राष्ट्रपति की स्वीकृति : 23-6-71।)

स्वर्ण (नियन्त्रण) संशोधन विधेयक, 1971। - पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 17-6-71।
राष्ट्रपति की स्वीकृति : 24-6-71।)

16-6-71 संसद के अधिकारियों के वेतन और भत्ते (संशोधन) विधेयक, 1971। - पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 21-6-71।
राष्ट्रपति की स्वीकृति : 24-6-71।)

18-6-71 पंजाब बजट (1971-72) - प्रस्तुत किया गया।

आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखने का विधेयक, 1971। - पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 25-6-71।
राष्ट्रपति की स्वीकृति : 27-6-71।)

21-6-71 श्री एम० एच० फारुकी का गुजरात राज्य के बारे में राष्ट्रपति द्वारा 13 मई, 1971। को जारी की गई घोषणा के अनुमोदन का संकल्प - स्वीकृत हुआ।

22.6.71 — किसी सिंचाई गुल्लारा (प्रबन्ध) विधेयक, 1971 — पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा: 16.6.71
राष्ट्रपति की स्वीकृति: 26.6.71)

मैसूर राज्य विधानमण्डल (शक्तियों का प्रत्यायोजन) विधेयक, 1971 — पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 15.6.71
राष्ट्रपति की स्वीकृति : 26.6.71)

25.6.71 — विदेश मन्त्री का कुछ देशों की अपनी यात्रा के बारे में वक्तव्य।

28.6.71 — श्री भागवत झा आजाद द्वारा पाकिस्तान आदि को अमरीकी हथियार दिये जाने के बारे में प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा।

29.6.71 — पश्चिम बंगाल की समस्याओं से निपटने के लिये मन्त्रिमण्डलीय स्तर के मंत्री की बिना विभाग के मंत्री के रूप में नियुक्ति के बारे में प्रधान मंत्री द्वारा वक्तव्य।

16.7.71 — तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग के कार्यकरण सम्बन्धी कुछ पहलुओं की जांच करने के लिये एक समिति की नियुक्ति के बारे में पैट्रोलियम तथा रसायन मंत्री द्वारा वक्तव्य।

19.7.71 — मैसूर बजट (1971-72) प्रस्तुत किया गया।

गुजरात बजट (1971-72) प्रस्तुत किया गया।

पश्चिम बंगाल बजट (1971-72) प्रस्तुत किया गया।

26-7-71 — 23 जुलाई, 1971 को श्री राजबहादुर द्वारा पश्चिम बंगाल राज्य के सम्बन्ध में राष्ट्रपति द्वारा 29 जून, 1971 को जारी की गई उद्घोषणा का अनुमोदन करने वाला संकल्प स्वीकृत हुआ।

पश्चिम बंगाल राज्य विधान मंडल (शक्तियों का प्रत्यायोजन) विधेयक, 1971 पारित किया गया।
(राज्य सभा द्वारा: 30.7.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 7.8.71)

29.7.71 — दुर्गापुर में पुलिस द्वारा श्री श्री कृष्णचन्द्र हालदार, संसद सदस्य के साथ कथित दुर्व्यवहार के बारे में श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा प्रस्तुत किया गया विशेषाधिकार प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

3.7.71 वित्त (संख्या 2) विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 5.8.71।
राष्ट्रपति की अनुमति : 10.8.71।)

कृषि पुनर्वित्त निगम (संशोधन) विधेयक, 1971। पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा 5.8.71।
राष्ट्रपति की अनुमति 15.8.71।)

केन्द्रीय प्रदेश कर बोर्ड (कार्यवाही का वैधीकरण) विधेयक, 1971। पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 9.8.71।
राष्ट्रपति की अनुमति : 14.8.71।)

सार्वजनिक स्थान (अनधिकृत कब्जाधारियों का हटाया जाना) विधेयक, 1971। पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 14.8.71।
राष्ट्रपति की अनुमति : 23.8.71।)

अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा प्राधिकरण विधेयक, 1971। पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 22.11.71।*
राष्ट्रपति की अनुमति : 8.12.71।)

2.8.71 गर्भ की चिकित्सीय समाप्ति विधेयक, 1971। पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 27.5.71।
(राष्ट्रपति की अनुमति : 10.8.71।)

गुजरात राज्य विधानमंडल (शक्तियों का प्रत्यायोजन) विधेयक, 1971। पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 19.7.71।
राष्ट्रपति की अनुमति : 10.8.71।)

पंजाब राज्य के सम्बन्ध में 15 जून, 1971। की राष्ट्रपति द्वारा जारी की गई उद्घोषणा का अनुमोदन करने वाला श्री कृष्ण चन्द्र पन्त द्वारा प्रस्तुत संकल्प स्वीकृत हुआ।

4.8.71 केन्द्रीय भूमि सुधार समिति की सिफारिशों के बारे में कृषि मंत्री द्वारा वक्तव्य।

संविधान (चौबीसवां संशोधन) विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा 11.8.71।
राष्ट्रपति की अनुमति : 5.11.71।)

5.8.71 'यू. कोरी का राइलम' नामक पत्रिका के 12 जून, 1971 के अंक में लोक सभा के उपाध्यक्ष पर कथित आक्षेपों वाला समाचार प्रकाशित किये जाने के सम्बन्ध में पत्रिका के सम्पादक, मुद्रक और प्रकाशक के विरुद्ध 23 जून, 1971 को श्री हीरा सिंह यान द्वारा उठाया गया विशेषाधिकार का प्रश्न विशेषाधिकार समिति को सौंपा गया।

राष्ट्रपति द्वारा पंजाब राज्य के संबंध में 15 जून, 1971 को जारी की गई उद्घोषणा का अनुमोदन करने के लिये श्री कृष्ण चन्द्र पन्त द्वारा 2 अगस्त, 1971 को प्रस्तुत संकल्प स्वीकृत हुआ।

पंजाब राज्य विधान मंडल (शक्तियों का प्रत्यायोजन) विधेयक, 1971 पारित हुआ।

(राज्य सभा द्वारा : 19.7.71
राष्ट्रपति की स्वीकृति : 10.8.71)

9.8.71 9 अगस्त, 1971 को हस्ताक्षरित भारतीय गणतंत्र और सोवियत समाजवादी गणतंत्र संघ के बीच शान्ति, मित्रता तथा सहयोग संधि के बारे में विदेश मंत्री का वक्तव्य।

भारतीय टेलीग्राफ (संशोधन) विधेयक, 1971 पारित हुआ।

(राज्य सभा द्वारा : 26.5.71
राष्ट्रपति की स्वीकृति : 10.8.71)

10.8.71 भारत और सोवियत संघ के बीच हस्ताक्षरित शान्ति, मित्रता तथा सहयोग संधि के बारे में विदेश मंत्री, सरदार स्वर्ण सिंह द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर चर्चा।

11.8.71 चीनी संबंधी नीति के बारे में श्री विभूति मिश्र द्वारा उठाई गई चर्चा।

श्री श्यामनन्दन मिश्र द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंकों के कार्य के संबंध में उठाई गई चर्चा।

12.8.71 राष्ट्रीय गौरव के अपमान-निवारक विधेयक, 1971 पारित हुआ।

(राज्य सभा द्वारा : 24.11.71
राज्य सभा द्वारा संशोधन किया गया जिस पर लोक सभा द्वारा 20.12.71 को विचार किया गया और सहमति दी गई।
राष्ट्रपति की स्वीकृति : 23.12.71)

सदन अपमिश्रण निवारण (संशोधन) विधेयक, 1971 पारित हुआ।

(राज्य सभा द्वारा : 19.11.71
राष्ट्रपति की स्वीकृति : 30.11.71)

कोयला क्षेत्र (अर्जन और विकास) संशोधन तथा विधिमान्यकरण विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 23.11.71
राष्ट्रपति की स्वीकृति : 11.12.71)

देश में बाढ़ और सूखे की स्थिति के बारे में श्री परिपूर्णानंद पैन्यूली द्वारा उठाई गई चर्चा।

अनुमति

प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी का पाकिस्तान के सैनिक शासन द्वारा शेख मुजीबुर्रहमान के कथित मुकदमे के बारे में वक्तव्य।

15.11.71 प्रधान मंत्री, श्रीमती इंदिरा गांधी का श्री सिद्धार्थ शंकर राय, शिक्षा मंत्री के विभाग के बारे में वक्तव्य।

प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी का अपनी हाल की विदेश यात्रा के बारे में वक्तव्य।

पारित

नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की (कर्तव्य शक्तियां तथा सेवा की शर्तें) विधेयक, 1971 पुरस्थापित किया गया।
(राज्य सभा द्वारा : 24.11.71
राष्ट्रपति की स्वीकृति : 15.12.71)

अनुमति

16.11.71 श्री मोरारजी देसाई का कांग्रेस (संगठन) के अध्यक्ष तथा कुछ अन्य संसद् सदस्यों पर 13 और 14 नवम्बर, 1971 को किये गये आक्रमण तथा हिंसा की रोकने में दिल्ली पुलिस की असफलता की निंदा का प्रस्ताव-अस्वीकृत हुआ।

17.11.71 श्री ज्योतिर्मय बसु का पश्चिम बंगाल में विधि और व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त करने का प्रस्ताव-अस्वीकृत हुआ।

18.11.71 श्री कृष्ण चन्द्र पंत मैसूर राज्य के संबंध में जारी की गई तिथि 27 मार्च, 1971 की उद्घोषणा की 25 नवम्बर, 1971 से 6 महीने की और अवधि के लिये लागू रखने का अनुमोदन करने का संकल्प स्वीकृत हुआ।

24.11.71 पाकिस्तान में आपात स्थिति की घोषणा के बारे में प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा वक्तव्य।

अग्नि संविदा (विनियमन) संशोधन विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 2.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 11.12.71)

खोटे सिक्के (अपराध) विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 2.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 11.12.71)

25.11.71 मेघालय के शिविरों में बंगलादेश से आये शरणार्थियों की स्थिति के बारे में श्रम तथा पुनर्वास मंत्री द्वारा वक्तव्य

रेल यात्री भाड़ा विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 1.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 9.12.71)

डाक की वस्तुओं पर कर विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 1.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 9.12.71)

अन्तर्देशीय विमान यात्रा कर विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 2.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 9.12.71)

26.11.71 स्टाम्प तथा उत्पादन शुल्क (संशोधन) विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 3.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 8.12.71)

दैनिक आवश्यकता की वस्तुओं के मूल्यों में बहुमुखी वृद्धि के बारे में श्री ज्योतिर्मय बसु द्वारा प्रस्तुत संकल्प

29.11.71 राष्ट्रीय कृषि आयोग द्वारा दिये गये तीन अन्तरिम प्रतिवेदनों के बारे में कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री द्वारा वक्तव्य।

जांच आयोग (संशोधन) विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 20.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति: 28.~~12.72~~ x 30.12.71)

1.12.71 संविधान (25 वां संशोधन) विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा 8.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 20.4.72)

2.12.71 संविधान (26 वां संशोधन) विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा 9.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 28.12.71)

शस्त्र (संशोधन) विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 17.11.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 13.12.71)

4.12.71 भारत पर पाकिस्तान के आक्रमण के कारण उत्पन्न हुई स्थिति के बारे में प्रधानमंत्री द्वारा वक्तव्य

प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत संकल्प स्वीकृत हुआ जिसमें 3 दिसम्बर, 1971 को राष्ट्रपति द्वारा जारी की गई उद्घोषणा का अनुमोदन करने को कहा गया था।

भारत रक्षा विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 4.12.71।
राष्ट्रपति की अनुमति : 4.12.71)

जयन्ती शिपिंग कम्पनी (शेयरों का अर्जन) विधेयक, 1971 पारित हुआ
(राज्य सभा द्वारा : 13.12.71।
राष्ट्रपति की अनुमति : 23.12.71)

श्री एम0 एच0 मोहसिन द्वारा प्रस्तुत संकल्प अस्वीकृत हुआ जिसमें गुजरात राज्य के सम्बन्ध में 13 मई, 1971 को जारी की गई उद्घोषणा को 21 दिसम्बर, 1971 से छः महीनों की अतिरिक्त अवधि तक लागू रखने का अनुमोदन करने को कहा गया था।

श्री एम0 एच0 मोहसिन द्वारा इस आशय का संकल्प कि पंजाब के संबंध में संविधान के अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति द्वारा जारी की गई दिनांक 15 जून, 1971 की उद्घोषणा को 5 फरवरी, 1972 से 6 महीने की और अवधि के लिए लागू रखने का अनुमोदन किया जाये, स्वीकृत हुआ।

पाकिस्तान द्वारा भारत पर आक्रमण से संबंधित स्थिति पर रक्षा मंत्री का वक्तव्य।

6.12.71 भारत सरकार द्वारा गणतांत्रिक बंगलादेश को मान्यता प्रदान करने के संबंध में प्रधान मंत्री का वक्तव्य।

7.12.71 श्री एम0 एच0 मोहसिन द्वारा 4 दिसम्बर, 1971 को पेश किया गया एक संकल्प जिसमें पश्चिम बंगाल के संबंध में संविधान के अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति द्वारा जारी की गई 29 जून, 1971 की उद्घोषणा को 26 जनवरी, 1972 से 6 महीने की और अवधि के लिए लागू रखने का अनुमोदन मांगा गया, स्वीकृत हुआ।

भारत पर पाकिस्तान के आक्रमण संबंधी स्थिति पर रक्षा मंत्री का वक्तव्य।

8.12.71 आयात जोखिम (माल) बीमा विधेयक, 1971 पारित हुआ
(राज्य सभा द्वारा : 9.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 10.12.71)

आयात जोखिम (उपक्रम) बीमा विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 9.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 10.12.71)

9.12.71 मणिपुर (पहाड़ी क्षेत्र) जिला परिषद विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 14.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 26.12.71)

भारत पर पाकिस्तानी आक्रमण संबंधी वर्तमान स्थिति पर रक्षा मंत्री का वक्तव्य।

10.12.71 एशियन रिफ्रेक्टरीज लिमिटेड (उपक्रम का अर्जन) विधेयक, 1971 पारित हुआ
(राज्य सभा द्वारा : 14.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 23.12.71)

13.12.71 राहत प्रयासों के लिये अधिकाधिक संसाधन जुटाने का सुनिश्चय करने हेतु किये जाने वाले अतिरिक्त उपायों के बारे में वित्त मंत्री का वक्तव्य।

केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को अतिरिक्त अन्तरिम राहत के बारे में वित्त मंत्री का वक्तव्य।

चीनी नीति के बारे में कृषि मंत्री का वक्तव्य

कोक कोयला खान (आयात उपबन्ध) विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 15.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 23.12.71)

14.12.71 भारत पर पाकिस्तानी आक्रमण संबंधी स्थिति के बारे में रक्षा मंत्री का वक्तव्य।

15.12.71 पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) विधेयक, 1971, पारित हुआ
(राज्य सभा द्वारा : 21.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 30.12.71)

नौसैनिक और वायुयान पण्यज विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 16.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 16.12.71)

16.12.71 कम्पनी (अधिकार पर अधिभार) विधेयक, 1971 पारित हुआ
(राज्य सभा द्वारा : 21.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 23.12.71)

वैयक्तिक क्षति (आगत उपबन्ध)संशोधन विधेयक, 1971 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 21.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 25.12.71)

बंगलादेश में पश्चिमी पाकिस्तानी सेनाओं द्वारा बिना शर्त आत्मसमर्पण के बारे में प्रधानमंत्री का वक्तव्य।

17.12.71 पश्चिमी क्षेत्र में सभी मोर्चों पर 17 दिसम्बर, 1971 की रात्रि 8 बजे से सैनिक कार्यवाही बन्द करने के निर्णय के बारे में प्रधानमंत्री का वक्तव्य।

18.12.71 आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक, 1971 पारित किया गया।
(राज्य सभा द्वारा : 16.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 23.12.71)

विकलांग भूतपूर्व सैनिकों और मृत सैनिकों के परिवारों को बसाने के लिए सरकार द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में प्रधान मंत्री का वक्तव्य।

भारत पर पाकिस्तान के अतिक्रमण के उपरान्त सशस्त्र संघर्ष के परिणाम के बारे में रक्षा मंत्री का वक्तव्य।

20.12.71 न्यायालय अवज्ञा विधेयक, 1971 पारित किया गया।
(राज्य सभा द्वारा : 22.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 24.12.71)

विभागीय जांच (साक्षियों की उपस्थिति और दस्तावेज प्रस्तुतीकरण की प्रवृत्ति) विधेयक, 1971 पारित किया गया।
(राज्य सभा द्वारा : 4.4.72
राज्य सभा द्वारा किये गये संशोधनों पर लोक सभा द्वारा विचार किया गया तथा उन्हें स्वीकार किया गया : 24.5.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 21.5.72)

21.12.71 वित्त मंत्री का स्वर्ण-भण्डार दर के बारे में वक्तव्य।

कम्पनी (संशोधन) विधेयक, 1971 पारित किया गया।
(राज्य सभा द्वारा : 24.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 30.12.71)

समाचार पत्र (मूल्य नियंत्रण) विधेयक, 1972 पारित किया गया।
(राज्य सभा द्वारा : 3.4.72
राज्य सभा द्वारा किये गये संशोधनों पर लोक सभा द्वारा
19.5.72 को विचार किया गया तथा स्वीकार किया गया।
राष्ट्रपति की अनुमति : 26.5.72)

संविधान (सत्ताइसवां संशोधन) विधेयक, 1971 पारित किया गया।
(राज्य सभा द्वारा : 23.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 30.12.71)

संघ (राज्य) सरकार (संशोधन) विधेयक, 1971 पारित किया गया।
(राज्य सभा द्वारा : 24.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 30.12.71)

22.12.71 चौथी पंचवर्षीय योजना के मध्यावधि मूल्यांकन के बारे में योजना मंत्री का वक्तव्य।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा विधेयक, 1971 पारित किया गया।
(राज्य सभा द्वारा : 24.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 30.12.71)

पदोन्नति परिषद विधेयक, 1971 पारित किया गया।
(राज्य सभा द्वारा : 24.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 30.12.71)

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश (सेवा की शर्तें) संशोधन विधेयक, 1971 पारित किया गया।
(राज्य सभा द्वारा : 24.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 30.12.71)

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश (सेवा की शर्तें) संशोधन विधेयक, 1971 पारित किया गया।
(राज्य सभा द्वारा : 24.12.71
राष्ट्रपति की अनुमति : 30.12.71)

23.12.71 चीनी नीति के बारे में श्री नरसिंह नारायण पांडे द्वारा उठाई गई चर्चा।

आपात स्थिति के दौरान देशभक्ति और एकता की महत् भावना के लिये सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए तथा विपक्ष के नेताओं, प्रधान मंत्री, सशस्त्र सेनाओं, जवानों और मुक्तिवाहिनी तथा जनता की संकटकाल में उनके द्वारा निभाई गई भूमिका के लिए आभार देते हुये अध्यक्ष का अभिभाषण।

1972

13.3.72	राष्ट्रपति का संसद के दोनों सदनों को अभिभाषण।
14.3.72	रेल बजट (1972-73) पेश।
16.3.72 29.3.72 30.3.72 3.4.72 4.4.72	राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिये धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा।
16.3.72	सामान्य बजट (1972-73) पेश।
20.3.72	प्रधानमंत्री द्वारा अपनी बांग्लादेश यात्रा के बारे में वक्तव्य।
22.3.72	श्री पी० सी० सेठी इन्दौर से निर्वाचित सदस्य द्वारा लोक सभा में अपने पद से त्यागपत्र दिया गया।
28.3.72	सशस्त्र बल (आसाम और मणिपुर) विशेष शक्तियां (संशोधन) विधेयक, 1972 पारित (राज्य सभा द्वारा : 19.3.72 राष्ट्रपति की अनुमति : 3.4.72) शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर में हड़ताल के बारे में वक्तव्य।
29.3.72	सामुद्रिक उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण विधेयक, 1972 पारित (राज्य सभा द्वारा : 1.4.72 राष्ट्रपति की अनुमति : 20.4.72) विदेश व्यापार मंत्री द्वारा 28.3.72 को भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार समझौते के बारे में वक्तव्य।
4.4.72	भारत की आकस्मिकता निधि (संशोधन) विधेयक, 1972 पारित (राज्य सभा द्वारा : 10.4.72 राष्ट्रपति की अनुमति : 12.4.72) भारतीय तार निगम (प्रबन्ध ग्रहण) विधेयक, 1972 पारित (राज्य सभा द्वारा : 10.4.72 राष्ट्रपति की अनुमति : 20.4.72)
6.4.72	रेल मंत्री द्वारा 1.4.72 को पूर्वी रेलवे के सियालदाह मंडल में हड़ताल के बारे में वक्तव्य।

33

7.4.72	महाप्रशासक (संशोधन) विधेयक, 1972 पारित (राज्य सभा द्वारा : 30.3.72 राष्ट्रपति की अनुमति : 12.4.72)
10.4.72	विधि और न्याय तथा पैट्रोलियम और रसायन मंत्री द्वारा कोचीन तेल शोधक कारखाने में आग लगने के बारे में वक्तव्य।
	दिल्ली सहकारी समितियां विधेयक, 1972 पारित (राज्य सभा द्वारा : 29.3.72 राष्ट्रपति की अनुमति : 17.3.72)
17.4.72	अमरीका द्वारा हनोई में बड़े पैमाने पर बमबारी किये जाने के बारे में श्री एच० एन० मुखर्जी द्वारा उठाई गई चर्चा।
	कृषि मंत्री द्वारा 1972-73 के खरीफ मौसम के लिये गेहूं की मूल्य नीति के बारे में वक्तव्य।
21.4.72	श्री घनश्याम भाई ओझा, राजकोट से निर्वाचित सदस्य द्वारा 8.9.72 से लोक सभा में पदत्याग किया।
24.4.72	श्री सिद्धार्थ शंकर राय, रायगंज निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य द्वारा 21.4.72 से लोक सभा में पदत्याग किया।
26.4.72	कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री द्वारा रूसी सहयोग के साथ गहरे समुद्र में मछली पकड़ने संबंधी प्रबन्धों के बारे में वक्तव्य
27.4.72	कृषि जोतों की अधिकतम सीमा के बारे में कृषि मंत्री द्वारा वक्तव्य।
2.5.72	श्री हुकम चन्द कछवाय को सदन की सेवा में तीन दिन के लिए निलम्बित करने के बारे में श्री राजबहादुर द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत-स्वीकृत।
3.5.72	श्री हुकम चन्द कछवाय के निलम्बन के बारे में सदन के आदेशों को तुरन्त समाप्त करने के बारे में श्री हरी सैमियान द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव – स्वीकृत।
5.5.72	25.4.72 को श्री अम्बरनाथ स्टील प्लांट में गोली चलने के समाचार के बारे में श्रम तथा पुनर्वास मंत्री द्वारा वक्तव्य।
9.5.72	भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के एक वैज्ञानिक डा० वी०एच०राव द्वारा आत्महत्या के समाचार के बारे में कृषि मंत्री द्वारा वक्तव्य।

10.5.72 — विय तनाम की घटनाओं के बारे में विदेश मंत्री द्वारा वक्तव्य।

12.5.72 — जम्मू और कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा युद्ध विराम के उल्लंघनों के बारे में रक्षा मंत्री द्वारा वक्तव्य।

16.5.72
31.7.72 — विभिन्न अवसरों में लोक सभा के एक सदस्य के साथ मारपीट के समाचार के बारे में स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री द्वारा वक्तव्य।

17.5.72 — पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़ीसा, राजस्थान आदि में सूखे की स्थिति के बारे में कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री द्वारा वक्तव्य।

18.5.72 — वित्त विधेयक, 1972 पारित
(राज्य सभा द्वारा : 23.5.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 28.5.72)

19.5.72 — पचहत्तर पूर्ण उद्योग-गृहों के राष्ट्रीयकरण के बारे में 5 मई, 1972 को श्री एच० एन० मुखर्जी द्वारा पेश किया गया संकल्प- अस्वीकृत हुआ।

22.5.72 — संसद सदस्यों के वेतन तथा भत्ते (संशोधन) विधेयक, 1972 — पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 29.5.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 9.6.72)

सामान्य बीमा (आयात उपबन्ध) संशोधन विधेयक, 1972 -पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 29.5.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 9.6.72)

राष्ट्रीय सेवा विधेयक, 1972 - पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 19.5.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 9.6.72)

24.5.72 — उड़ीसा में आदिवासी लड़कियों के कथित विक्रय के बारे में श्री कार्तिक उरावं द्वारा उठाई गई बात।

26.5.72 — औद्योगिक विवाद (संशोधन) विधेयक, 1972- पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 6.4.72
~~राष्ट्रपति की अनुमति~~ लोक सभा द्वारा 26.5.72 को किये गये संशोधन पर राज्य सभा द्वारा 30.5.72 को विचार और सहमति
राष्ट्रपति की अनुमति : 14.6.72)

~~राष्ट्रपति की अनुमति~~ : 26.8.72)

केरल आदि राज्यों में नारियल, सुपारी, अदरक तथा काली मिर्च जैसे कृषि पदार्थों के मूल्यों में भारी गिरावट के बारे में श्री सी० के० चन्द्रप्पन द्वारा उठाई गई चर्चा।

29.5.72 ø संविधान (28 वां संशोधन) विधेयक, 1972 पारित हुआ।
(राज्य सभा द्वारा : 31.5.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 27.8.72)

★ संविधान (29 वां संशोधन) विधेयक, 1972 — पारित।
(राज्य सभा द्वारा : 31.5.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 9.6.72)

30.5.72 कराधान विधि (जम्मू और कश्मीर पर विस्तारण), 1972 — पारित
(राज्य सभा द्वारा 31.5.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 6.6.72)

31.5.72 16 मई, 1971 को तिरुपति अस्पताल में लोक सभा के एक सदस्य के साथ हुई घटना के बारे में स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री श्री द्वारा वक्तव्य।

श्री के० हनुमन्तैया द्वारा मंत्री पद से अपना त्यागपत्र देने के कारणों को स्पष्ट करने के लिए दिया गया वक्तव्य।

भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सम्बन्धों के बारे में 2 जुलाई, 1972 को शिमला में हुए समझौते के संबंध में विदेश मंत्री द्वारा वक्तव्य।

1.6.72 अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 1972 — पारित
(राज्य सभा द्वारा : 26.6.72
राष्ट्रपति की अनुमति: 15.6.72)

अपराधिक विधि (संशोधन) विधेयक, 1972 — पारित
(राज्य सभा द्वारा : 3.6.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 14.6.72)

ø यह विधेयक लोक सभा में संविधान (31 वां संशोधन) विधेयक, 1972 के रूप में पुरःस्थापित हुआ था। विधेयक के शीर्षक को लोक सभा द्वारा अन्त में संशोधन के द्वारा बदला गया था।

★ यह विधेयक लोक सभा में संविधान (32 वां संशोधन) विधेयक, 1972 के रूप में पुरःस्थापित किया गया। विधेयक का संक्षिप्त नाम लोक सभा द्वारा अंत में संशोधन कर के बदला गया।

राष्ट्रपति की अनुमति : 26.8.72)

1.8.72 देश में सूखे की स्थिति के बारे में कृषि मंत्री द्वारा वक्तव्य।

3.8.72 उपदान संदाय विधेयक, 1971 — पारित।
(राज्य सभा द्वारा : 7.8.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 21.8.72)

श्री ज्योतिर्मय बसु द्वारा देश के विभिन्न भागों में सूखे की स्थिति के संबंध में उठाई गई चर्चा।

4.8.72 कंपनीकारी कंपनियां (राष्ट्रीयकरण) विधेयक, 1972 — पारित
(राज्य सभा द्वारा : 9.8.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 17.8.72)

9.8.72 राजनयिक संबन्ध (वियना कन्वेंशन) विधेयक, 1971 — पारित।
(राज्य सभा द्वारा : 14.8.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 29.8.72)

चीनी की स्थिति के बारे में कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री द्वारा वक्तव्य।

श्री राज बहादुर द्वारा सिर्फ राय और राम जन्म सिंह के विरुद्ध जो दर्शक दीर्घा से चिल्लाये और जिन्होंने सभा में पर्चे फेंके, सभा के अपमान और उन्हें 10 अगस्त, 1972 के पश्चात् पश्चात् 5 बजे तक के लिए साधारण कारावास का दंड दिये जाने के संबंध में प्रस्ताव — स्वीकृत।

10.8.72 नागालैंड के मुख्य मंत्री की हत्या के प्रयास के बारे में गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री द्वारा वक्तव्य।

11.8.72 उगांडा में एशियाई लोगों के बारे में विदेश मंत्रालय में उपमंत्री द्वारा वक्तव्य।

राजस्थान स्थित राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना के प्रथम एकक में उत्पन्न हुए संकट के बारे में गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री का वक्तव्य।

16.8.72 इंडियन एयरलाइन्स के फोकर फ्रेंडशिप विमान के 11 अगस्त, 1972 को रात्रि को दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बारे में पर्यटन और नागर विमानन मंत्री द्वारा वक्तव्य।

17.8.72 संविधान (30 वां संशोधन) विधेयक, 1971 — पारित
(राज्य सभा द्वारा : 22.8.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 22.2.73)

आयकर (संशोधन) विधेयक, 1972 — पारित
(राज्य सभा द्वारा : 21.8.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 26.8.72)

लोक ऋण (संशोधन) विधेयक, 1972 – पारित
(राज्य सभा द्वारा : 21.9.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 29.8.72)

18.8.72 कराधान विधि (संशोधन) विधेयक, 1972 – पारित
(राज्य सभा द्वारा : 23.9.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 31.8.72)

पंजाब नई राजधानी (परिवृत्त) नियमित (कतिपय संशोधन) विधेयक, 1972 – पारित
(राज्य सभा द्वारा : 23.8.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 3.9.72)

21.9.72 राष्ट्रीय कृषि आयोग द्वारा इस वर्ष अन्तिम प्रतिवेदन पेश किए जाने के बारे में कृषि मंत्री द्वारा वक्तव्य।

बन्ध पत्तनी (संशोधन) विधेयक, 1972 – पारित
(राज्य सभा द्वारा : 26.8.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 9.9.72)

विक्टोरिया स्मारक (संशोधन) विधेयक, 1972 – पारित
(राज्य सभा द्वारा : 14.8.72
राष्ट्रपति की अनुमति : 25.8.72)

22.8.72 इंडियन आयरन एण्ड स्टील कंपनी (उपक्रम-ग्रहण) विधेयक, 1972 – पारित।
अब पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन बारी बारी से विभिन्न स्थानों पर 2-3 दिन के लिए किया जाता है। राज्य विधान मंडलों के पीठासीन अधिकारियों से प्राप्त चर्चा के लिए विषयों के बाद सम्मेलन की कार्यसूची बनाई जाती है। इसके अतिरिक्त सम्मेलन में संसदीय प्रक्रिया संबंधी कुछ समान हित के मामलों पर भी चर्चा होती है।

(दो) भारत में विधायी निकायों के सचिवों का सम्मेलन :

भारत में विधायी निकायों के सचिवों का सम्मेलन पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन से पहले अथवा बाद में होता है। कार्यसूची बनाने तथा उसमें

289

एक ही

दिए गए विषयों पर चर्चा के लिए उसी प्रकार की प्रक्रिया अपनाई जाती है। संसदों के सामने आई समस्याओं पर सम्मेलन में विचार होता है। ऐसा पहला सम्मेलन 1953 में ग्वालियर में हुआ था तथा अंतिम जनवरी, 1977 में नई दिल्ली में हुआ था।

(तीन) अन्तर संसदीय संघ का सम्मेलन

अन्तर संसदीय संघ संसदीय दलों का ऐसा संगठन है जो विभिन्न संसदों के सदस्यों के बीच व्यक्तिगत सम्पर्क बढ़ाने के प्रयोजन के लिए विभिन्न राष्ट्रीय संसदों में से गठित किया जाता है। राष्ट्रीय दलों में से इसको बनाया जाता है जिससे वह लोकतंत्रीय संस्थाओं की स्थापना तथा विकास में अपने संबंधित देशों के द्वारा पूरी तरह भाग ले सके तथा एक साथ कार्य करने के लिए संगठित हो सके। अन्तर संसदीय संघ की अन्तर संसदीय परिषद द्वारा निदेश दिए जाते हैं। प्रत्येक राष्ट्रीय दल का परिषद में प्रतिनिधित्व दो प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है। परिषद की बैठकें 'सिटी' में अर्थात् वार्षिक सम्मेलन होने से लगभग छः माह पूर्व होती है।

अन्तर संसदीय संघ के सम्मेलन की बैठकें वर्ष में एक बार विभिन्न देशों की राजधानियों में होती हैं जहां मेजबान देश का संसद भवन उनकी कार्य के लिए सौंप दिया जाता है। जिस देश में सम्मेलन होना होता है उस देश का संसदीय दल बैठकों का आयोजन करने के लिए जिम्मेदार होता है।

राष्ट्रीय संसद की विभिन्न पार्टियों तथा दलों से सदस्य प्रतिनिधिमंडल में लिए जाते हैं और इस प्रकार सम्मेलन में विभिन्न देशों के सरकारी तथा विरोधी दोनों प्रकार के सदस्यों का प्रतिनिधित्व होता है। प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल सम्मेलन के समक्ष प्रस्तुत किसी मामले पर अपने विचार रख सकता है

290

और इस प्रकार उसी प्रतिनिधिमंडल में दो तीन विचारधाराएँ मिल जाती हैं। अन्तः संसदीय संघ के सम्मेलन में स्वीकार किए गए ऐसे संकल्पों के बारे में प्रत्येक राष्ट्रीय दल अपनी संसद को सूचित करता है जिन पर सरकार द्वारा कार्यवाही की जानी होती है तथा की गई कार्यवाही के बारे में अन्तः संसदीय संघ को सूचित करता रहता है। अन्तः संसदीय संघ ने अब तक 63 सम्मेलन किए हैं। अन्तिम सम्मेलन (63 वां) 1976 में मैड्रिड में हुआ था। भारतीय संसदीय दल 1949 से अन्तः संसदीय संघ के सम्मेलनों में अपने प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है। 1976 में मैड्रिड में हुए अन्तः संसदीय संघ के गत वार्षिक सम्मेलन में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के आठ सदस्य थे।

(चार) राष्ट्रमंडलीय संसदीय संगठन के सम्मेलन

राष्ट्रमंडलीय संसदीय संगठन राष्ट्रमंडलीय संसदविदों का संगठन होता है जो जाति, धर्म अथवा संस्कृति से भिन्न होने पर भी सामुदायिक हित व स्तर का सम्मान, व्यक्तिगत नागरिक के अधिकार तथा स्वतंत्रता के कारण आपस में जुड़ा रहता है तथा संसदीय लोकतंत्र के ठोस आदर्शों को पूरा करने में संलग्न रहता है।

राष्ट्रमंडलीय संसदविदों के बीच नियमित रूप से परामर्श करने के साधन के रूप में संगठन का उद्देश्य आपस में सद्भावना तथा सहयोग बढ़ाना तथा समस्त राष्ट्रमंडल में संसदीय संस्थाओं के बारे में अध्ययन को बढ़ावा देना है। इन उद्देश्यों को पूरी तथा क्षेत्रीय सम्मेलनों में प्रतिनिधिमंडलों का आदान प्रदान, गोष्ठियों, प्रकाशनों, जैसे कि पार्लियामेंटेरियन तथा संसदीय सूचना और संदर्भ ब्यूरो के द्वारा पूरा किया जाता है।

संगठन 1911 में राष्ट्रमंडल संगठन के साथ साथ बनाया गया था। सबसे पहले साम्राज्य संसदीय संगठन बना था जिसका प्रशासन यूनाइटेड

कॉमनवेल्थ की शाखा कहलाती थी। 1943 में इसका नाम बदलकर राष्ट्रमंडलीय संसदीय संगठन कर दिया गया तथा प्रशासन का काम सामान्य परिषद को सौंप दिया गया।

संगठन में शाखायें हैं जो राष्ट्रमंडलीय देशों के विधानमंडलों में बनाई गई हैं। जहाँ शाखा बनी हुई है वहाँ की विधानमंडल के सदस्य उस शाखा के सदस्य बन सकते हैं।

विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारी सामान्यतः शाखा सभापति होते हैं जबकि संसदीय पार्टियों के नेता उपसभापति होते हैं। विधान मंडलों के क्लर्क अथवा क्लर्क असिस्टेंट सामान्यतया शाखा के मानद सचिव के कर्त्तव्य निभाते हैं।

प्रत्येक शाखा स्वायत्तशासी होती है तथा उसके कार्यों पर सभी पार्टियों अथवा वर्गों के सदस्यों तथा प्रतिनिधियों में से निर्वाचित कार्यकारी समिति का नियंत्रण होता है। प्रत्येक शाखा में सदस्य वार्षिक अंशदान देते हैं। विधानमंडल का सदस्य न रहने पर सदस्य संबंधित सदस्य बनने के लिए आवेदन कर सकता है।

भौगोलिक आधार पर संगठन के कुछ प्रयोजनों के लिए शाखाओं को सात क्षेत्रों में बाँटा गया है।

संगठन के पदाधिकारी सभापति, उपसभापति तथा मानद कोषाध्यक्ष होते हैं। उनका निर्वाचन सामान्य परिषद करती है। सभापति तथा उप-सभापति का कार्यकाल एक वर्ष का होता है। जबकि मानद कोषाध्यक्ष तीन वर्ष के लिए होता है।

परिपाटी यह है कि सभापति उस शाखा का चुना जाता है जिसमें आगामी संघ सम्मेलन होना होता है तथा उपसभापति उसके अगले वर्ष के

मेजबान देश का होता है। संविधान में व्यवस्था है कि मानद कोषाध्यक्ष उस देश की इकाई के कार्यकारी समिति का सदस्य होता है जहाँ संगठन का मुख्य कार्यालय होता है।

संगठन की सभी शाखाओं की सामान्य परिषद में प्रतिनिधित्व होता है। संविधान के द्वारा संगठन के कार्यों के प्रबंध का भार सामान्य परिषद को सौंपा गया है। वह वार्षिक सामान्य बैठक में कार्य की रिपोर्ट देता है।

सामान्य परिषद की एक कार्यकारी समिति है जिसको संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करने का अधिकार है किन्तु उसकी स्वीकृति सामान्य परिषद को ही करनी होती है।

समिति में उन्नीस सदस्य होते हैं तथा उसमें सभापति, संगठन के अधिकारी, पिछला सभापति तथा भूतीय क्षेत्र में दो प्रतिनिधि, जिनको क्षेत्रीय पार्षद कहा जाता है, होते हैं।

संगठन का सचिवालय लन्दन, इंग्लैंड में है। इसका मुख्य महासचिव होता है जो संगठन का मुख्य प्रशासनिक अधिकारी होता है। वह कार्यकारी समिति तथा सामान्य परिषद के निर्देश में संगठन के कार्यों का प्रबन्ध करने के लिए जिम्मेदार होता है। वह तथा सचिवालय के अन्य सदस्य सभी शाखाओं से निकट का सम्पर्क बनाये रखते हैं तथा उनमें सम्पर्क तथा सहयोग बढ़ाते रहते हैं।

संगठन का कुल सम्मेलन वर्ष में एक बार होता है तथा वह भूतीय वर्ष भिन्न भिन्न राष्ट्रमंडलीय देश में होता है।

ये सम्मेलन, सामान्यतया एक सप्ताह के होते हैं तथा इनमें राष्ट्रमंडल के समसामयिक हित के मामलों पर चर्चा होती है।

अफ्रीको, आस्ट्रेलेशियन, कनाडा, कैरिबियन तथा यू० के० तथा भूमध्य सागरीय क्षेत्र नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्रों की राष्ट्रमंडल के सम्मेलन करते रहते हैं। इन सम्मेलनों की कार्यसूची में क्षेत्रीय हितों के मामलों की ओर विशेष ध्यान दिलाया जाता है क्योंकि इन पर संगठन के सभी सम्मेलन में समुचित रूप में विचार नहीं हो पाता है।

पांचवीं लोक सभा में भारत में तथा विदेशों में हुए संसदीय सम्मेलनों की सूची विवरण पत्रिका 29 में दी गई है।

2.15 - पांचवीं लोक सभा के दौरान संसदीय समितियों के क्रियाकलाप

क - स्थायी समितियां

(एक) वित्तीय समितियां

मद	वर्ष					
	1971-72	1972-73	1973-74	1974-75	1975-76	1976
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
प्राक्कलन समिति						
प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदनों की संख्या	20	24	22	13	23	-
बैठकों की संख्या	73	69	76	44	53	47
बैठकों का समय (घंटों में)	179	139	164	85	104	120
अध्ययन की गयी सामग्री के पृष्ठों की संख्या	16,920	11,139	14,246	9,804	17,560	11,950
उप-समितियों/अध्ययन दलों की संख्या	3	8	9	8	8	8
उन कार्यालयों/संगठनों की संख्या जिनका समिति ने अपनी कार्यावधि में दौरा किया।	31	107	30	92	79	79
लोक लेखा समिति						
प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदनों की संख्या	43	46	38	42	48	40
बैठकों की संख्या	32	63	66	94	82	69
बैठकों का समय (घंटों में)	80	147	173	249	205	200
अध्ययन की गयी सामग्री के पृष्ठों की संख्या	7,953	3,925	3,921	5,923	10,870	7,937
गठित की गयी उप-समितियों/ अध्ययन दलों की संख्या	6	8	6	10	7	8
उन अभिकरणों की संख्या जिनका समिति ने अपनी यात्रा के दौरान दौरा किया।	23	23	31	31	42	35

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
सरकारी उपक्रमों संबन्धी समिति						
प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदनों की संख्या	21	18	17	12	22	-
बैठकों की संख्या	52	71	75	57	52	63
बैठकों का समय (घंटों में)	93	139	153	152	115	182
अध्ययन की गयी सामग्री के पृष्ठों की संख्या	10,863	21,431	20,250	22,300	18,789	15,500
गठित की गयी उप-समितियों/अध्ययन दलों की संख्या	7	6	6	7	7	7
उन कार्यालयों/संगठनों की संख्या जिनका समिति /अध्ययन दलों ने अपनी यात्रा के दौरान दौरा किया -	77	39	37	36	17	32
			(ख) अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबन्धी समिति			
प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदनों की संख्या	4	11	9	10	17	8
बैठकों की संख्या	12	18	18	14	31	22
बैठकों का समय (घंटों में)	22.40	37.40	35.00	26.30	77.50	45.10
अध्ययन की गयी सामग्री के पृष्ठों की संख्या	426	1550	900	300	400	1250
गठित की गयी उप-समितियों/अध्ययन दलों की संख्या	7	7	7	7	7	4
उन कार्यालयों/संगठनों की संख्या जिनका समिति/अध्ययन दलों ने अपनी यात्रा के दौरान दौरा किया	18	22	15	20	17	22

(तीन) अन्य स्थायी समितियां

समिति का नाम	बैठकों की संख्या	प्रस्तुत किए गए प्रतिवेदनों की संख्या
(1)	(2)	(3)
याचिका समिति	98	34
विशेषाधिकार समिति	94	20
नियम समिति	15	7
सामान्य प्रयोजन समिति	12	-
अधीनस्थ विधान संबंधी समिति	107	20
लाभ के पदों संबंधी समिति	65	19
सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति	59	18
गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति	70	66
सभापटल पर रखे गये पत्रों संबंधी समिति	20	4
सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति	33	31
कार्य मंत्रणा समिति	77	65
ग्रन्थालय समिति	9	-
ग्रन्थालय उपसमिति	30	-
आवास समिति	38	-
आवास उप-समिति	9	-
[illegible]		
संसद के दोनों सदनों की आवास समितियों के सभापतियों की संयुक्त समिति	46	-
संसद सदस्यों के वेतन तथा भत्ते संबंधी समिति	41	-
रेल दुर्घटना समिति	79	14
ख - तदर्थ समितियां		
विधेयकों संबंधी प्रवर समिति	164	9
विधेयकों संबंधी संयुक्त समिति	356	13
निर्वाचन विधि में संशोधन संबंधी संयुक्त समिति	35	1
न्यायाधीश(जांच) नियम संबंधी संयुक्त समिति	2	-
प्रेसकर्ड संबंधी अध्ययन समिति	6	-
राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान सदस्यों के आचरण संबंधी समिति	16	3

2828 - पांचवीं लोक सभा की अवधि के दौरान संसदीय सम्मेलनों/बैठकों के बारे में विवरण।

सम्मेलनों/बैठकों की संख्या	स्थान	तारीख	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)
		क भारतीय	
		(एक) भारत में विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन।	
37 वां	भोपाल	27 और 28 अक्तूबर, 1971	
38 वां	मद्रास	5, 6 और 7 अक्तूबर, 1972	
39 वां	गांधी नगर	29 और 31 दिसम्बर, 1973	
40 वां	शिलांग	5 और 7 नवम्बर, 1974	
41 वां	नई दिल्ली	23 और 24 अगस्त, 1975	
42 वां	शिमला	31 मई और 1 जून, 1976	
		(दो) भारत में विधायी निकायों की समितियों का सम्मेलन।	
17 वां	भोपाल	26 अक्तूबर, 1971	
18 वां	मद्रास	4 अक्तूबर, 1972	
19 वां	गांधी नगर	28 दिसम्बर, 1973	
20 वां	शिलांग	4 नवम्बर, 1974	
21 वां	नई दिल्ली	22 अगस्त, 1975	
22 वां	शिमला	30 मई, 1976	
23 वां	नई दिल्ली	13 और 14 जनवरी, 1977	
		(तीन) भारत में विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलनों के तुल्यकालन में हुई गतिविधियां।	
	मद्रास	5 और 6 अक्तूबर, 1972	
	गांधी नगर	30 दिसम्बर, 1973	
	शिलांग	6 नवम्बर, 1974	
	शिमला	2 जून, 1976	

(1)	(2)	(3)	(4)
60 वां	रोम	21 से 29 सितम्बर, 1972	8 सदस्यों के एक भारतीय संसदीय शिष्टमण्डल ने भाग लिया।
61 वां	टोक्यो (जापान)	2 से 11 अक्तूबर, 1974	9 सदस्यों के एक भारतीय संसदीय शिष्टमण्डल ने भाग लिया।
62 वां	लन्दन (यू० के०)	4 से 12 सितम्बर, 1975	7 सदस्यों के एक भारतीय संसदीय शिष्टमण्डल ने भाग लिया।
63 वां	मैड्रिड (स्पेन)	23 सितम्बर से 1 अक्तूबर, 1976	8 सदस्यों के एक भारतीय संसदीय शिष्टमण्डल ने भाग लिया।
	(दो) <u>अन्तर्संसदीय संघ की पूंजी कोष की बैठकें</u>		
	कारकास (वेनेजुएला)	12 से 18 अप्रैल, 1971	3 सदस्यों के एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने भाग लिया।
	याउंडे (कैमरून)	4 से 9 अप्रैल, 1972	4 सदस्यों के एक भारतीय संसदीय शिष्टमण्डल ने भाग लिया।
	अबिदजान (आइवरी कोस्ट)	23 से 28 अप्रैल, 1973	4 सदस्यों के एक भारतीय संसदीय शिष्टमण्डल ने भाग लिया।
	बुखारेस्ट (रोमानिया)	16 से 20 अप्रैल, 1974	4 सदस्यों के एक भारतीय संसदीय शिष्टमण्डल ने भाग लिया।
	श्री लंका	1 से 5 अप्रैल, 1975	7 सदस्यों के एक भारतीय संसदीय शिष्टमण्डल ने भाग लिया।
	मेक्सिको	20 से 24 अप्रैल, 1976	4 सदस्यों के एक भारतीय संसदीय शिष्टमण्डल ने भाग लिया।
	(तीन) <u>राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का सम्मेलन</u>		
17 वां	कुआलालम्पुर (मलेशिया)	सितम्बर, 1971	6 सदस्यों के एक भारतीय संसदीय शिष्टमण्डल ने भाग लिया।

(1)	(2)	(3)	(4)
18 वां	सालिसबरी (यूनाइटेड किंगडम)	अक्तूबर, 1972	- तदेव -
19 वां	लन्दन (यू० के०)	सितम्बर, 1973	- तदेव -
20 वां	कोलम्बो (श्री लंका)	सितम्बर, 1974	- तदेव -
21 वां	नई दिल्ली (भारत)	अक्तूबर-नवम्बर, 1975	11 सदस्यों के एक भारतीय संसदीय शिष्टमण्डल ने भाग लिया।
22 वां	पोर्ट लुई (मारिशस)	सितम्बर, 1976	6 सदस्यों के एक भारतीय संसदीय शिष्टमण्डल ने भाग लिया।

(ग) राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की सामान्य परिषद की बैठकें

कुआलालम्पुर (मलेशिया)	सितम्बर, 1971	2 सदस्यों के एक भारतीय संसदीय शिष्टमण्डल ने भाग लिया।
सालिसबरी (यूनाइटेड किंगडम)	अक्तूबर, 1972	- तदेव -
लन्दन	सितम्बर, 1973	- तदेव -
कोलम्बो (श्री लंका)	सितम्बर, 1974	- तदेव -
नई दिल्ली (भारत)	अक्तूबर-नवम्बर, 1975	- तदेव -
पोर्ट लुई (मारिशस)	सितम्बर, 1976	- तदेव -

(घ) राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की भारतीय शाखाओं के सभापतियों की बैठक

शिलांग	7-11-1974
नई दिल्ली	24-3-1975
शिमला	1-6-1976

(ङ) राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की भारतीय शाखाओं के सचिवों की बैठक

नई दिल्ली	19-5-1975
नई दिल्ली	24-3-1975

1	2	3	4
	(सात) राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों तथा वरिष्ठ अधिकारियों का सम्मेलन		
3 वां	लुसाका (जाम्बिया)	सितम्बर, 1973	लोक सभा के अध्यक्ष ने भाग लिया।
4 वां	लन्दन	सितम्बर, 1976	लोक सभा के अध्यक्ष ने भाग लिया।
	(आठ) संसदों के मुख्य सचिवों के सम्मेलन		
	ओटावा (कैनेडा)	अगस्त, 1972	लोक सभा के संयुक्त सचिव ने भाग लिया।
	रोम	अक्तूबर, 1972	लोक सभा के सचिव ने भाग लिया।
	आबिदजान	अप्रैल, 1973	राज्य सभा के महासचिव ने भाग लिया।
	बुखारेस्ट	अप्रैल, 1974	राज्य सभा के महासचिव ने भाग लिया।
	टोकियो	अक्तूबर, 1974	लोक सभा के महासचिव ने भाग लिया।
	श्री लंका	अप्रैल, 1975	लोक सभा के महासचिव ने भाग लिया।
	लन्दन	सितम्बर, 1975	लोक सभा के महासचिव ने भाग लिया।
	पाकिस्तान	अप्रैल, 1976	लोक सभा के अतिरिक्त सचिव ने भाग लिया।
	मैड्रिड	सितम्बर, 1976	लोक सभा के महासचिव ने भाग लिया।

9

[redacted]

दर्शक

लोक सभा की बैठकों के दौरान सदन के उन भागों में, जो सदस्यों के अन्य उपयोग के लिए आरक्षित न हों, अजनबियों का प्रवेश अध्यक्ष द्वारा जारी किए गए आदेशों के अनुसार विनियमित किया जाता है। सभा के सदस्यों के अतिरिक्त सभी व्यक्तियों को अजनबी माना जाता है सिवाय सभा के अधिकारियों तथा सभा में काम पर लगाये गये कुछ कर्मचारियों के। जब सभा की बैठक हो रही हो, तो सभा भवन सदस्यों के अन्य प्रयोग के लिए आरक्षित किया जाता है और वहां पर किसी अजनबी को आने की अनुमति नहीं दी जाती। सभा के अन्य भाग जहां अजनबियों को कुछ विशिष्ट शर्तों के अन्तर्गत आने की अनुमति है, निम्नलिखित हैं: भीतरी तथा बाहरी सभा कक्ष, गैलरियां और स्ट्रेंजर्स हाल जो सभाध्यक्ष का सभाध्यक्ष का अंग माना जाता है। सभा भवन, सभाकक्ष और गैलरी सभा के 'भीतरी' परिसर हैं।

विभिन्न गैलरियों में अजनबियों के प्रवेश का विनियमन नियमों के अनुसार किया जाता है, जो अध्यक्ष के निदेशों के अनुसार जारी किए गए हैं। विशेष मौकों (अवसरों) को छोड़कर जिसमें प्रवेश के लिए कोई कार्ड जारी नहीं किए जाते गैलरियों में प्रवेश, कार्डों के माध्यम से होता है।

अध्यक्ष की गैलरी और सम्मानित दर्शकों की गैलरी उन व्यक्तियों के लिए है, जो कि देश में राज्यों के विधानमंडलों के सदस्य हैं, केन्द्रीय विधानमंडल तथा संसद के भूतपूर्व सदस्य हैं, लोक सभा के सदस्यों की पत्नियां हैं, उच्च अधिकारी हैं, सार्वजनिक जीवन में प्रमुख व्यक्ति हैं और विदेशों से आये सम्मानित अतिथि हैं।

303

राजनयिकों की गैलरी

राजनयिकों की गैलरी केवल विदेशी राजनयिकों के लिए है।

विशेष अतिथि (गण)

विशेष अतिथि राष्ट्रपति के परिवार तथा उनके अतिथियों, राज्यों के राज्यपालों, विदेशी राज्यों के अध्यक्षों और उनके प्रधानमंत्रियों, विदेशी के युवराजों तथा अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों अर्थात् भूतपूर्व राष्ट्रपतियों और भूतपूर्व गवर्नर जनरल, भारत के मुख्य न्यायाधीश, राज्यों के मुख्य मंत्रियों, आदि के लिए आरक्षित है।

सार्वजनिक गैलरी

सार्वजनिक गैलरी जनता के लिए है। सदस्य केवल उन व्यक्तियों के लिए दर्शक कार्ड के लिए प्रार्थनापत्र दे सकता है, जिन्हें वह स्वयं जानता हो और कुछ मामलों में, उन लोगों के लिए, जिनका परिचय उससे ऐसे व्यक्तियों ने कराया हो, जिन्हें सदस्य स्वयं जानता हो।

राज्य सभा गैलरी : राज्य सभा गैलरी केवल राज्य सभा के सदस्यों के लिए है जो लोक सभा को कार्यवाही देखना चाहते हों।

अधिकारियों की गैलरी : अधिकारियों की गैलरी भारत सरकार के केवल उन अधिकारियों के लिए और कुछ मामलों में राज्य सरकार के उन अधिकारियों के लिए है, जिनकी उपस्थिति सभा के सामने किसी कार्य के संबंध में आवश्यक हो।

पत्रिका लोक सभा के अधिवेशन में विभिन्न गैलरियों में प्रदर्शकों की संख्या तथा संसद भवन परिसर में विदेशी प्रतिनिधिमंडलों तथा राजनयिकों की संख्या दिखाने वाली विवरण संख्या 29 तथा 30 हैं।

-:: 3 ::-

सत्रों के बीच की अवधि में यह व्यवस्था की गई है कि ऐसे दर्शकों को संसद भवन दिखाया जाये। दर्शकों की स्वागत कार्यालय द्वारा जारी किए गए अनुज्ञापत्र पर सूचीकरण जारी होने के बाद 40 या 50 के सुविधाजनक समूहों में संसद भवन दिखाया जाता है। दर्शकों की लोक सभा भवन और सेन्ट्रल हाल दिखाया जाता है।

पर्यटन एवं खेल मंत्रालय में संसद भवन के दर्शकों के तर्कसंगत आंकड़े दिखाने वाला विवरण संलग्न है।

~~परिशिष्ट~~

29 अप्रैल - संसद परिसर में संसद भवन में दौरान संसद भवन में आने वाले विदेशी शिष्टमंडलों/गणमान्य व्यक्तियों का विवरण

(मार्च, 1971 से जनवरी, 1977 तक)

क्रम संख्या	शिष्टमंडल/गणमान्य व्यक्ति	टिप्पणी
1	2	3
	अप्रैल-दिसम्बर, 1971 *	
1-	पांच सदस्यों का इंडोनेशिया के संसद सदस्यों का दल	राज्य सभा की कार्यवाही देखी
2-	श्री आर० वी० वेंकटपैट, सेक्रेटरी जनरल आफ० सी० पी० ए०	
3-	दो ब्रिटिश संसद सदस्य	लोक सभा की कार्यवाही देखी।
4-	कनाडा के तीन संसद सदस्य	तदैव
5-	आयरलैंड के दो संसद सदस्य	तदैव
6-	माननीय सर एमिलो पास्सि-स्युइ, स्पीकर आफ दि हाउस आफ० रिप्रिजेंटेटिव्ज, सिरासियोन	लोक सभा तथा राज्य सभा की कार्यवाही देखी
7-	जर्मन हैमीडेटिक रिपब्लिक का तीन सदस्यों का संसदीय शिष्टमंडल	
8-	अमरीका के सिनेटर एडवर्ड केनेडी	संसद सदस्यों के सामने भाषण
9-	लेबनान के उपाध्यक्ष तथा 2 संसद सदस्य	
10-	दक्षिण कोरिया के दो संसद सदस्य	
11-	श्री किम्मी, संसद सदस्य (जापान)	
12-	सात सदस्यों का रूसी सांस्कृतिक शिष्टमंडल	
13-	स्वाजी राष्ट्रीय परिषद के पांच सदस्यों का शिष्टमंडल	लोक सभा की कार्यवाही देखी।
14-	दो दक्षिणी अमरीकी	लोक सभा तथा राज्य सभा की कार्यवाही देखी।
15-	दो अमरीकी सिनेटर	लोक सभा की कार्यवाही देखी।
16-	परम श्रेष्ठ श्री रशीद करामे, लेबनान के भूतपूर्व प्रधान मंत्री	

* उपरोक्त शिष्टमंडलों और गणमान्य व्यक्तियों के अतिरिक्त 19 प्रतिष्ठित दर्शक भी वर्ष 1971 के दौरान संसद भवन आये।

क्र.	1	2	3
		अक्तूबर - दिसम्बर, 1972 *	
17-		15 सदस्यों का यूगोस्लाविया का संसदीय शिष्टमंडल	लोक सभा तथा राज्य सभा की कार्यवाही देखी।
18-		परम श्रेष्ठ आर० डी० एडेस, ऐम्बेसेडर, हाउस आफ रिप्रेजेन्टेटिव्स, फिजी	तदैव
19-		परम श्रेष्ठ दाशी शिरब्बार लामा, ऐम्बेसेडर, नेशनल असेम्बली, भूटान	तदैव
20-		11 सदस्यों का पोलैंड का संसदीय शिष्टमंडल	तदैव
21-		परम श्रेष्ठ सिनेटर, पैट्रीशियो पोर्टेला नुनेज, फ्रेंजीडेंट, सीनेट, ब्राजील तथा श्रीमती नुनेज	
22-		त्रिनिडाड तथा टोबागो के कांस्टीट्यूशन कमीशन के दो सदस्य	लोक सभा तथा राज्य सभा की कार्यवाही देखी
23-		मुहम्मद कासिम, सेवार मंत्री, गियाना	तदैव
24-		श्री जानसन, संसद सदस्य (जमाइका)	तदैव
25-		श्री रोड्रिगेज [illegible], संसद सदस्य (वेनेजुएला)	
26-		श्री जिरी मैसनेर, सेक्रेटरी जनरल, चेकोस्लोवाक सोसायटी फार इंटरनेशनल रिलेशन्स	
27-		श्री गार्डन एच० ठौडिंग, अध्यक्ष, लेजिस्लेटिव असेम्बली ब्रिटिश कोलम्बिया तथा श्रीमती ठौडिंग	
		दिसम्बर 1972 - जनवरी 1973 **	
28-		सात सदस्यों का जी डी आर का संसदीय शिष्टमंडल	लोक सभा तथा राज्य सभा की कार्यवाही देखी
29-		परमश्रेष्ठ आर० कारमियो कास्तिलो, एम०पी० (वेनेजुएला) तथा श्रीमती कास्तिलो	
30-		10 सदस्यों का स्विटजरलैंड का संसदीय शिष्टमंडल	तदैव

* उपरोक्त शिष्टमंडलों और संक्षिप्त व्यक्तियों के अतिरिक्त 15 प्रतिष्ठित दर्शक भी वर्ष 1972 के दौरान संसद भवन आये।

** उपरोक्त शिष्टमंडलों और संक्षिप्त व्यक्तियों के अतिरिक्त 20 प्रतिष्ठित दर्शक भी वर्ष 1973 के दौरान संसद भवन आये।

1	2	3
31-	परमश्रेष्ठ श्री इन्नी लिकानी, अध्यक्ष, नेशनल एसेम्बली, श्री लंका तथा श्रीमती लिकानी	तदैव
32-	6 सदस्यों का ब्रिटिश संसद का दल	लोक सभा की कार्यवाही देखी
33-	पांच सदस्यों का जुगोस्लाविया का संसदीय शिष्टमंडल	तदैव
34-	श्री एमिलिया सिना रिबेरो, ब्राजील संसद सदस्य	तदैव
35-	9 सदस्यों का रिपब्लिक आफ कोरिया का संसदीय शिष्टमंडल	तदैव
36-	12 ब्रिटिश संसद सदस्य	
37-	मिनिस्टर चार्ल्स एम0 मैथियास (मैरीलैंड)	
38-	डा0 सैय्यद वाहिद, संसद सदस्य (ईरान)	लोक सभा की कार्यवाही देखी
39-	श्रीमती जाहीन बेग नारायण, संसद सदस्य (फिजी)	लोक सभा तथा राज्य सभा की कार्यवाही देखी।
40-	परम श्रेष्ठ श्री बेन्जामिन हार्ट, रिपब्लिक आफ कोरिया के प्रेजिडेंट के विशेष दूत	लोक सभा की कार्यवाही देखी
41-	सर हैरिसन बर्टन, कमोडोर, ब्रिटिश हाउस	लोक सभा तथा राज्य सभा की कार्यवाही देखी।
42-	साउथ कैरोलिना के गवर्नर जान वेस्ट	
43-	डा0 (श्रीमती) जानसन, प्रेजिडेंट, सीनेट आफ अलबामास	
44-	श्री रोजर ब्लाबट, संसद सदस्य (यू0 के0)	तदैव
45-	परम श्रेष्ठ बोब्राअदम साबी एमवावा, मिनिस्टर आफ स्टेट आफ कैपीटल डैवलपमेंट प्रोजेक्ट, गवर्नमेंट आफ तन्जानिया	तदैव
46-	डा0 पिओ-कारलो टोरिजो, सेक्रेटरी जनरल आई पी यू,	

1974 1974 *

47-	नौ सदस्यों का आस्ट्रेलिया का संसदीय शिष्ट मंडल	
48-	परम श्रेष्ठ सर मैगनस कारमाक, प्रेजिडेंट, आस्ट्रेलियन सीनेट	

* उपरोक्त शिष्टमंडलों और संलग्न व्यक्तियों के अतिरिक्त 2। प्रतिष्ठित दर्शक भी वर्ष 1974 के दौरान संसद भवन आये।

1	2	3
49-	19 सदस्यों का चैकोस्लोवाक संसदीय शिष्टमंडल	लोक सभा तथा राज्य सभा की कार्यवाही देखी।
50-	चार सदस्यों का फ्रांसीसी सीनेटरों का दल	तदैव
51-	परम श्रेष्ठ श्री अब्दुल मलिक उकील, सोफिया, बांग्लादेश संसद	
52-	दस सदस्यों का अरब रिपब्लिक आफ इजिप्ट का संसदीय शिष्टमंडल (बांग्लादेश जाते हुए)	तदैव
53-	श्री रातु जीसेया तवाविया, दि तुई वुका तथा फिजी की सीनेट का सदस्य	तदैव
54-	परम श्रेष्ठ श्री शैव नारायण, डोगर, नेशनल असेम्बली थिाना तथा श्रीमती शैव नारायण	तदैव
54(क)-	श्री रसेल डी राव, डिप्टी स्पीकर, लेजिस्लेटिव असेम्बली ओंटारियो तथा श्रीमती जान ए० हास्टी, सैक्रेटरी, लेजिस्लेटिव असेम्बली, ओंटारियो (पारगमन यात्रा)	
55-	परम श्रेष्ठ सिनेटर गोंजेस बाप्तिस्ता, प्रेजीडेंट, वैनेजुएला कांग्रेस (अर्थात वेनेजुएला)	
56-	सात सदस्यों का रूमानिया का संसदीय शिष्टमंडल	तदैव
57-	परम श्रेष्ठ श्री गटटूम हसन, स्पीकर, नार्वीजियन पार्लियामेंट, तथा श्रीमती हसन तथा श्री गुन्नार हाय, सैक्रेटरी जनरल, नार्वीजियन पार्लियामेंट तथा श्रीमती हाय०	तदैव
58-	आठ सदस्यों का चैकोस्लोवाकिया का संसदीय शिष्टमंडल	तदैव
59-	सात सदस्यों का पोलैंड का संसदीय शिष्टमंडल	तदैव
60-	डा० एल० मोंडा, संसद सदस्य (सूरीनाम)	लोक सभा की कार्यवाही देखी)
61-	श्री जी० एच० डाडिंग, स्पीकर ब्रिटिश कोलम्बिया (कनाडा)	तदैव
62-	पश्चिमी जर्मनी के संसद सदस्य	तदैव
63-	नेपाल के प्रधान मंत्री	तदैव

1	2	3

1975 *

64-	श्री पैट्रो बेरो, संसद सदस्य, प्रेजीडेंट, पार्टिन रिवोल्यूशनरी कमेटी, श्री रैमन फर्नान्डीज, संसद सदस्य तथा श्री फर्नान्डो सैलेमेटस, संसद सदस्य, कोलम्बिया तथा उनकी पत्नियां	लोक सभा की कार्यवाही देखी
65-	6 सदस्यों का मंगोलियन संसदीय शिष्टमंडल	तदैव
66-	पांच सदस्यों का संसदीय शिष्टमंडल, डेमोक्रेटिक पीपल्स रिपब्लिक आफ कोरिया (उत्तर कोरिया)	तदैव
67-	चार सदस्यों का जी डी आर का संसदीय शिष्टमंडल (कोलम्बिया की यात्रा पर)	तदैव
68-	परम श्रेष्ठ श्री मिल्को तारावानोव, फ्रंट डिप्टी चेयरमैन, नेशनल असैम्बली, बुल्गारिया	लोक सभा तथा राज्य सभा की कार्यवाही देखी।
69-	पांच सदस्यों का युगोस्लाविया का संसदीय शिष्टमंडल	तदैव
70-	तीन सदस्यों का नेपाल का संसदीय शिष्टमंडल (पारगमन यात्रा)	तदैव
71-	दस सदस्यों का फ्रेंच संसदीय शिष्टमंडल	तदैव
72-	सर जान कैथरवुड, सैक्रेटरी जनरल, सी०पी०ए०	
73-	कोलम्बिया के पांच सदस्य (दो पत्नियों के साथ)	तदैव
74-	नौ सदस्यों का इंडोनेशिया का संसदीय शिष्टमंडल	तदैव
75-	आठ सदस्यों का फैडरल रिपब्लिक आफ जर्मनी का संसदीय शिष्टमंडल	
76-	जी०डी० आर० की स्टेट कौंसिल के डिप्टी चेयरमैन	लोक सभा की कार्यवाही देखी
77-	यूरोपीय समुदाय के कमीशन के प्रेजीडेंट	तदैव
78-	रिपब्लिक आफ कोरिया के विदेश मंत्री	
79-	जी० डी० आर० के संसद सदस्य	तदैव
80-	श्री जगन्नाथ डिवाल, संसद सदस्य (सूरिनाम)	तदैव

* उपरोक्त शिष्टमंडलों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के अतिरिक्त 29 प्रतिष्ठित दर्शक भी वर्ष 1975 के दौरान संसद भवन आये।

1	2	3
	1976	
81-	श्री के0 सुब्बाराव, संसद सदस्य तथा मारिशस की लेबर पार्टियामेंट के मुख्य सचेतक तथा श्री ए0 दी0 बेटिट्यार, संसद सदस्य, मारिशस।	लोक सभा तथा राज्य सभा की कार्यवाही देखी
82-	11 सदस्यों का कुवैत का संसदीय शिष्टमंडल	तदैव
83-	माननीय डोमी फ्रोनोटी, हिप्टी स्पीकर, इंडोनेशिया पार्लियामेंट (पारगमन यात्रा)	तदैव
84-	श्री एम0 एम0 चिलेसकुटा, क्लार्क, नेशनल असेम्बली जाम्बिया।	
85-	सेनेटरी, अमरीकी सीनेट	लोक सभा की कार्यवाही देखी
86-	माननीय जे0 के0 मुरिगी, संसद सदस्य, हिप्टी स्पीकर, केन्या नेशनल असेम्बली।	
87-	श्रीमती मारग्रेट मुरे एम0 पी0 (जेडब्वार)	
88-	माननीय श्री आरनोट स0 वेकमन, एम एस सी (बारबुडा)	
	1977	
89-	ग्यारह सदस्यों का युगोस्लाव संसदीय शिष्टमंडल	
90-	7 सदस्यों का जापानी संसदीय शिष्टमंडल	

30 अक्टू - प्रतिवादी लोक सभा के सदस्यों की बैठकों के दौरान विभिन्न दीर्घाओं में आने वाले दर्शकों की संख्या बताने वाला विवरण

क्रम संख्या	दीर्घा का नाम	दीर्घा में आने वाले दर्शकों की संख्या	कुल प्रतिशतता
1.	सार्वजनिक दीर्घा	2,87,201	90.79 %
2.	सरकारी दीर्घा	6,526	2.07 %
3.	अध्यक्ष दीर्घा	2,623	0.82 %
4.	प्रतिष्ठित दर्शकों की दीर्घा	8,077	2.56 %
5.	राज्य सभा दीर्घा	6,120	1.93 %
6.	राजनयिक दीर्घा	2,995	0.94 %
7.	विशेष दीर्घा	2,387	0.76 %
8.	विशेष कक्ष	415	0.13 %
	कुल	3,16,344	100.00 %

3| ३७ - पन्द्रहवीं लोक सभा के दौरान संसद भवन में आने वाले पर्यटकों की संख्या के संबंध में विवरण

वर्ष	संख्या
1971	2,22,219
1972	28,886
1973	77,767
1974	29,181
1975	12,708
1976	8,896
योग :	3,75,667

10

अध्याय दस

प्रेस

प्रेस संवाददाताओं को दी गई सुविधाएँ

प्रेस गैलरी की सुविधाएँ :

गैलरी में 98 संवाददाताओं के बैठने के लिए स्थान है। प्रत्येक स्थान पर लाउडस्पीकर लगा है। पक्की दो पंक्तियों में लिखने के लिए काँटे काँटे ठीक हैं और ये विशेष समाचारपत्रों तथा समाचार एजेंसियों को प्रेस गैलरी समिति के परामर्श से दिए जाते हैं। गैलरी में 68 टेलीफोन भी लगे हैं जिनसे साथ साथ भाषान्तर सुना जा सकता है।

संसदीय पत्र तथा अन्य सुविधाओं का दिया जाना :

प्रेस संवाददाता सभा की कार्यवाही ठीक प्रकार से समझ सकें इसलिए उन्हें आवश्यक संसदीय पत्र तथा प्रकाशित किए गए विवरण दिए जाते हैं।

इसके अतिरिक्त विभिन्न सभाओं के वादविवाद, संसदीय समितियों की रिपोर्टें और सभापटल पर रखे गये पत्र आदि उनके प्रयोग के लिए रखा जाता है। इसके अतिरिक्त एक छोटा सा प्रेस पुस्तकालय है, जिसमें वे पुस्तकें हैं, जिन्हें सामान्यतया प्रेस संवाददाता देखते हैं।

प्रेस कक्ष की सुविधाएँ :

प्रेस के तीन कमरे, जिनमें मेज कुर्सी लगी हैं समाचार एजेंसियों और अन्य समाचारपत्रों के संवाददाताओं के लिए रखे गये हैं जिनमें बैठकर वे अपना काम कर सकते हैं और समाचार तैयार कर सकते हैं। प्रत्येक कमरे में संवाददाताओं के लिए एक टेलीफोन है। उसके अतिरिक्त वहाँ पर कुछ टेलीफोन बूथ बनाये गये हैं, जो विशेष समाचारपत्रों और समाचार एजेंसियों के लिए हैं।

प्रेस रिलीज़ का जारी किया जाना :

सभा में पेश की गई संसदीय समितियों जैसे प्राक्कलन समिति, लोक लेखा समिति और सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति की रिपोर्टों के संबंध में संवाददाताओं की अपनी समाचार तैयार करने में सहायता देने के लिए ~~सम्बन्धित~~ इन रिपोर्टों के संबंध में लोक सभा सचिवालय द्वारा प्रेस रिलीज़ जारी किए जाते हैं। इनमें उन रिपोर्टों की सिफारिशों/या समिति समिति के विचारों के सम्बंध में उल्लेखनीय बातों पर प्रकाश डाला जाता है।

लोक सभा के सत्रों की बुलाने तथा स्थगन के बारे में भी तथा संसदीय समितियों की बैठक बुलाने तथा संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के सम्मेलन तथा दौरों के बारे में भी प्रेस रिलीज़ जारी की जाती है।

लोक सभा की प्रेस गैलरी में प्रवेश पाने वाले भारतीय तथा विदेशी प्रेस संवाददाताओं, समाचारपत्रों एवं समाचार एजेंसियों के बारे में (पांचवीं लोक सभा के 16 वें सत्र पर आधारित) अलग विवरण संख्या 32 में दिखाये गये हैं।

39 - लोक सभा की प्रेस दीर्घा

(पृथ्वी लोक सभा 16 वें सत्र पर आधारित आंकड़े)

1-	प्रविष्ट पत्र सम्वाददाताओं की कुल संख्या	209
2-	भारतीय समाचार पत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले पत्र सम्वाददाता	98
3-	भारतीय समाचार एजेंसियों का प्रतिनिधित्व करने वाले पत्र सम्वाददाता	71
4-	विदेशी समाचार पत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले पत्र सम्वाददाता	18
5-	विदेशी समाचार एजेंसियों का प्रतिनिधित्व करने वाले पत्र सम्वाददाता	22
6-	भारतीय समाचार पत्र तथा समाचार एजेंसियाँ, जिनको प्रतिनिधित्व मिला है	72
7-	विदेशी समाचार पत्र तथा समाचार एजेंसियाँ, जिनको प्रतिनिधित्व मिला	29
8-	पत्रकार दीर्घा में स्थानों की संख्या	98
9-	विशेष समाचार पत्रों और समाचार एजेंसियों की एलाट की गई स्थानों की संख्या	60
10-	पत्रकार दीर्घा में प्रतिनिधित्व पाने वाले भारतीय समाचार पत्रों का मिलित प्रकाशन	40 लाख (लगभग)

II

विविध

ग्रंथालय, संदर्भ, शोध, प्रलेखन तथा सूचना सेवा

ग्रंथालय, संदर्भ, शोध, प्रलेखन तथा सूचना सेवा का मुख्य उद्देश्य अद्यतन तथा समृद्ध ग्रंथालय तथा कुशल शोध तथा संदर्भ सेवाओं की व्यवस्था करके संसद सदस्यों को भारत तथा विदेशों में घटने वाली दिन-प्रतिदिन की घटनाओं के बारे में पूरी जानकारी देते रहना है। यह सेवा दोनों सदनों — लोक सभा तथा राज्य सभा — के समक्ष आने वाले विधायी कानूनी उपायों तथा अन्य मामलों के बारे में संदर्भ सामग्री की व्यवस्था करती है ताकि संसद सदस्य अपने-अपने सदनों में वाद-विवाद में प्रभावी रूप से भाग ले सकें।

सेवा में दो काफी स्वयं स्वयंपूर्ण प्रभाग हैं :-

(एक) ग्रंथालय संदर्भ तथा प्रलेखन प्रभाग और (दो) शोध तथा सूचना प्रभाग।

(एक) <u>ग्रंथालय संदर्भ तथा प्रलेखन प्रभाग</u>

ग्रंथालय तथा प्रलेखन के तीन विभाग हैं, अर्थात् (1) ग्रंथालय विभाग, (2) संदर्भ विभाग और (3) प्रलेखन विभाग — जो एक दूसरे के साथ घनिष्ठ सहयोग से कार्य करते हैं।

(1) <u>ग्रंथालय विभाग</u>

सदस्यों को ग्रंथालय सेवा संसद ग्रंथालय द्वारा प्रदान की जाती है जो ग्रंथालय हाल में तथा संसद भवन की निचली मंजिल पर इससे लगे हुए कमरों में स्थित है। इसके अन्तर्गत कार्य पुस्तकों, पत्रिकाओं, प्रतिवेदनों आदि को प्राप्त करना, उन्हें प्रोसेस करना, जारी करना और उनका परिरक्षण है।

इस समय ग्रंथालय में 5,00,000 से भी अधिक पुस्तकें हैं। ग्रंथालय में 197 भारतीय तथा विदेशी समाचार-पत्र तथा अंग्रेजी तथा भारतीय भाषाओं में 912 पत्रिकाएं नियमित रूप से आती हैं।

केवल संसद् सदस्य ही ग्रंथालय से पुस्तकें ले सकते हैं। ग्रंथालय से पुस्तकें ग्रंथालय नियमों के अंतर्गत दी जाती हैं।

(2) संदर्भ विभाग :

संदर्भ विभाग सदस्यों को जो सुविधाएं प्रदान करता है वे मोटे तौर पर निम्न श्रेणियों के अन्तर्गत आती हैं :-

(1) प्रकाशित दस्तावेजों में दिए गए संदर्भों को तत्काल संधान।

(2) अध्ययन तथा संदर्भ कार्य से संबंधित सामग्री, तथ्यात्मक आंकड़े, सांख्यिकी आदि का संग्रह।

(3) संसद् के समक्ष आने वाले महत्वपूर्ण विधेयकों की ग्रंथ-सूचियां तैयार करना और

(4) संसद् के समक्ष आने वाले महत्वपूर्ण विषयों पर संदर्भ नोट, कटिंग इन्फोर्मेशन डाइजेस्ट तथा 'फैक्ट शीट' तैयार करना।

सामान्यतया, किसी विषय पर जानकारी चाहने वाले सदस्य संदर्भ विभाग से लिखित मांग करते हैं। तथापि, संदर्भ संबंधी अपेक्षाएं मौखिक रूप या व्यक्तिगत रूप से अथवा टेलीफोन पर भी सुनी जाती हैं। अपेक्षित जानकारी प्रामाणिक पुस्तकों, प्रतिवेदनों तथा सरकारी प्रकाशनों में उपयुक्त तथ्यात्मक रूप में संग्रहीत और संचित की जाती है तथा संभावित निर्धारित समय सीमा में सदस्यों को सूचना दी जाती है।

विभाग का संदर्भ अध्ययन अनुभाग सदस्यों की सब प्रति सब तथा दिन प्रतिदिन की संदर्भ संबंधी आवश्यकताओं का पूर्वानुमान लगाने का प्रयास करता है तथा उसका लक्ष्य आवश्यक सामग्री पहले से ही तैयार

करने का रहता है ताकि उसे अद्यतन सूचना मिलने पर उपलब्ध किया जा सके। सत्रकाल के दौरान ग्रंथालय ग्राउंड फ्लोर में विधेयकों अथवा सदनों के समक्ष विचाराधीन विषयों से सम्बद्ध साहित्य के अध्ययन में सदस्यों को सहायता करने हेतु अध्ययन पीठिकाएं ग्रंथालय (निचली मंजिल) में सत्रकाल में भी रखी जाती हैं। सदन के समक्ष आने वाले विधेयक अथवा अन्य किसी विषय से सम्बद्ध सभी पुस्तकें, प्रतिवेदन तथा अन्य दस्तावेज एकत्रित किये जाते हैं ताकि उन्हें एक ही स्थान पर सदस्यों को उपलब्ध किया जा सके।

पांचवीं लोक सभा में सदस्यों से 4094 संदर्भ प्राप्त हुए तथा उनके दैनिक संसदीय कार्य के संबंध में उनको विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त 4,889 संदर्भों को मौखिक रूप से तुरन्त जानकारी दी गई।

(3) प्रकाशन विभाग

प्रकाशन विभाग संसद ग्रंथालय में प्राप्त किए जाने वाले तथा रखी जाने वाली सभी दस्तावेजों तथा अभिलेखों जैसे पुस्तकों, प्रतिवेदन, पत्रिकाएं, समाचार-पत्रों को कतरने तथा अन्य सामग्री का पता लगाने, संग्रहीत करने और विषय वर्गीकरण ग्रंथ सूची तैयार करने के लिये उत्तरदायी है। उन्हें सामग्री के महत्व को देखते हुए अभिटिप्पण किया जाता है अथवा इनका सार तैयार किया जाता है। यह अभिटिप्पण की गई/सार तैयार की गई सामग्री सदस्यों को उपलब्ध कराने के अतिरिक्त इससे अनुसंधान शोध तथा संदर्भ कार्य में बहुत सहायता मिलती है। इस सेवा में किया गया प्रकाशन कार्य पत्रिका-प्रकाशनों और तदर्थ प्रकाशन सूचियों के रूप में प्रकाशित किया जाता है।

(4) शोध तथा सूचना प्रभाग

सदस्यों के लिये संदर्भ सेवा के अनुरक्षण के रूप में मानी जाने वाली इस प्रभाग का लक्ष्य सामयिक रुचि के ऐसे विषयों, जिन पर जानकारी के लिये अधिक सामग्री मांगी जा सकती है, का पता लगाकर विधायकों को

आवश्यकताओं का पूर्वानुमान लगाने का रहता है।

इस प्रभाग के दो प्रकोष्ठ हैं जो कि विभिन्न विषयों से संबंधित हैं जैसे शोध तथा सूचना प्रकोष्ठ -I। जिसमें तीन स्वतंत्र पूर्ण वृत्तात्मक विभाग हैं अर्थात् आर्थिक तथा वित्तीय विभाग, संसदीय कार्य विभाग, विधि तथा सांविधानिक विभाग। शोध तथा सूचना प्रकोष्ठ-II के दो विभाग हैं अर्थात् सामाजिक कार्य विभाग और राजनैतिक कार्य विभाग।

शोध तथा सूचना अध्ययन

शोध तथा सूचना प्रभाग का उद्देश्य विचारविकास, सूचना कुंटिन, पृष्ठभूमि टिप्पण आदि समय पर जारी करके सदस्यों को विभिन्न क्षेत्रों में सामयिक समस्याओं से अवगत कराये रखना है। विभिन्न स्रोतों से, व्यापक अध्ययनों से और उपलब्ध सूचना पुस्तिकाओं से एकत्रित प्रमाणिक आंकड़ों और अद्यतन जानकारी के आधार पर तत्काल सामग्री निकाली जाती है और इसके सदस्यों को उपलब्ध की जाती है।

पत्रिकाएं

इस प्रभाग द्वारा निकाली गई कुछ महत्वपूर्ण पत्रिकायें इस प्रकार हैं : (1) जनरल आन पार्लियामेंटरी इन्फॉर्मेशन (भारत तथा विदेशों में संसदीय तथा संवैधानिक गतिविधियों सम्बन्धी लेखों तथा अन्य नियमित स्तम्भों वाला एक त्रैमासिक प्रकाशन) (2) डाइजेस्ट ऑफ सेन्ट्रल स्टेट्स एण्ड कांस्टीट्यूशनल लॉज, उसमें संसद् द्वारा बनाये गए सभी केन्द्रीय कानूनों तथा उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों द्वारा निर्गत महत्वपूर्ण संवैधानिक मामलों के डाइजेस्ट होते हैं। (3) कांस्टीट्यूशनल एण्ड लेजिस्लेटिव लॉ का डाइजेस्ट (इसमें महत्वपूर्ण विधायी तथा अन्य विषयों के संबंध में उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों के निर्णयों के सार होते

320

दी (4) डायरी आफ पोलिटिकल इवेन्ट्स (भारत तथा अन्य देशों की राजनैतिक घटनाओं से सम्बद्ध, विषय-वार तथा कालक्रम के अनुसार व्यवस्थित महत्वपूर्ण समाचारों के सार का साप्ताहिक प्रकाशन) और (5) डायजेस्ट आफ न्यूज एंड आर्टिकल्स इन पोलिटिकल जर्नल्स (पुस्तकालय में प्राप्त किये जाने वाली महत्वपूर्ण समाचारपत्रों तथा पत्रिकाओं में प्रकाशित होने वाली विभिन्न सरकारी उपक्रमों के बारे में समाचारों और समीक्षाओं के सार का साप्ताहिक प्रकाशन) जैसी कुछ महत्वपूर्ण पत्रिकाएं भी निकालता है।

संक्षिप्त विवरण तथा शोध टिप्पण :

शोध तथा सूचना प्रभाग को अन्तर्संसदीय सम्मेलन तथा राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन जैसे विभिन्न संसदीय सम्मेलनों में भारतीय संसदीय शिष्ट मंडलों तथा विदेशों की आने वाली संसद् सदस्यों के अन्य सद्भाव शिष्टमंडलों के लिये 'संक्षिप्त विवरण' तथा शोध टिप्पण तैयार करने जैसा कार्य भी सौंपा जाता है।

प्रेस तथा जन संपर्क :

लोक सभा सचिवालय का प्रेस तथा जनसंपर्क अनुभाग प्रेस तथा जनसंपर्क कार्य की देखरेख करता है जिसमें मुख्यतया प्रेस तथा विभिन्न सरकारी प्रचार संगठनों एवं संचार साधनों के साथ संपर्क बनाये रखना शामिल है। यह अनुभाग लोक सभा की प्रेस दीर्घा से संबंधित सभी कार्य करता है। जिसमें प्रेस दीर्घा पास जारी करना तथा लोक सभा की कार्यवाही के नोट लेने वाले संवाददाताओं की सुविधाओं की व्यवस्था आदि भी, लोक सभा में किये गए कार्य तथा संबद्ध मामलों के बारे में प्रेस तथा जनता को जानकारी देना शामिल है।

सदस्यों को नवीनतम भारतीय तथा विदेशी समाचारों से भली-भांति अवगत कराने हेतु संसद भवन में अंग्रेजी तथा हिन्दी की टेली प्रिन्टर मशीनें लगाई गई हैं। सत्र काल के दौरान निर्वाचन मंडिल पर स्थित पुस्तकालय के बाहर दिन भर थोड़े थोड़े समय के बाद प्रदर्शन पट्टों पर महत्वपूर्ण समाचार लगाये जाते हैं।

यह अनुभाग अन्य प्रकाशनों के साथ साथ सदस्य परिचय भी निकालता है। संसद की गतिविधियों के बारे में समय समय पर सरकारी एजेंसियों के सहयोग से प्रदर्शनियों की व्यवस्था करता है और तह किये हुए लोकप्रिय फोल्डर निकालता है।

<u>हिन्दी प्रकाशन</u>

हिन्दी प्रकाशन हिन्दी में जानकारी चाहने वाली सदस्यों से प्राप्त संदर्भों पर ध्यान देती है। इसके अतिरिक्त प्रकाशन हिन्दी के चुने हुए विषयों पर शोध तथा संदर्भ सामग्री तैयार करती है और जारी करती है और संसदीय तथा संवैधानिक मामलों पर लेखों आदि वाली हिन्दी त्रैमासिक पत्रिका 'संसदीय पत्रिका' का प्रकाशन भी करती है।

<u>संसदीय प्रकाशनों की बिक्री</u>

विधेयकों, वादविवादों, समितियों के प्रतिवेदनों तथा अन्य संसदीय प्रकाशनों को जनसामान्य को खरीदने की सुविधा देने के लिए संसद भवन के स्वागत कार्यालय में एक बिक्री काउन्टर खुला हुआ है। सभी संसदीय प्रकाशन तथा भारत सरकार के कुछ महत्वपूर्ण प्रकाशन बिक्री काउन्टर से खरीदे जा सकते हैं। सम्पूर्ण प्रकाशनों पर संसद सदस्यों को 25 प्रतिशत छूट दी जाती है।

पन्द्रहवीं लोक सभा में संसदीय प्रकाशनों की बिक्री के बारे में विवरण पृष्ठ 35 है।

X विविध

33 ग्रन्थालय तथा सदर्भ, सूचि, पुनर्मुद्रण और सूचना सेवा

क संसदीय ग्रन्थालय की विकास प्रगति

मद	वर्ष					
	19 71	1972	1973	1974	19 75	1976
1- पत्रिकायें और पत्र	793	838	853	866	878	912
2- पुस्तकें और प्रतिवेदन	2,47,155	2,57,432	2,66,840	2,74,990	2,83,105	2,92,921
3- जारी किये गये प्रकाशन	19,353	14,500	14,475	9,233	13,796	16,757

ख - <u>संदर्भ सेवा</u>

निम्नलिखित विवरण तीसरी, चौथी तथा पांचवी लोक सभा की अवधि के दौरान वर्ष प्रतिवर्ष सदस्यों से प्राप्त संदर्भों की संख्या बताता है। इन संदर्भों के जिनके लिखित उत्तर सभा में दिये गये, अतिरिक्त, उसी समय 1650 संदर्भों का उत्तर तीसरी लोक सभा के दौरान, 3000 चौथी लोक सभा के दौरान और 4889 पांचवी लोक सभा के दौरान दिया गया :-

वर्ष	प्राप्त संदर्भों की संख्या
1962	340
1963	317
1964	326
1965	434
1966	480
1967	668
1968	725
1969	832
1970	700
1971	500
1972	600
1973	890
1974	950
1975	580
1976	574

ग - पुस्तकालय सभा के दौरान पुस्तकालय तथा संदर्भ सेवा द्वारा प्रदान तथा सूचना सेवा द्वारा प्रकाशित किये गये प्रकाशनों का ब्यौरा ।

प्रकाशन का नाम (1)	पृष्ठों की संख्या (2)
पुस्तिकायें तथा लीफ	1989
स्मारिकायें	1110
पुस्तकें	1230
सूचना पत्रक	823
पृष्ठाधार टिप्पण	809
सामयिक समाचार सार	83
तथ्य विवरणिका	261
साहित्य सूची/प्रलेखन सूचियां	495
योजना समितियों की कार्यवाही सूचना फोल्डर तथा बुकलेट	356
अंग्रेजी	320
हिन्दी	225
हिन्दी प्रकाशन	1082
<u>पत्रिकायें</u>	
एब्सट्रैक्ट्स एण्ड इन्डेक्स आफ रिपोर्ट्स एण्ड आर्टिकल्स (दिसम्बर, 1974 से बंद कर दिया गया)	1526
एब्सट्रैक्ट आफ बुक्स, रिपोर्ट्स एण्ड आर्टिकल्स (जनवरी, 1975 से आरंभ)	647
बुक्स आफ दि वीक (अप्रैल, 1975 से बंद कर दिया गया)	4241
डायरी आफ पालिटिकल इवेंट्स (जनवरी, 1975 से आरंभ)	1473
डाइजेस्ट आफ सेंट्रल एक्ट्स एण्ड कांस्टीट्यूशनल कैसेज (दिसम्बर, 1975 से बंद कर दिया गया)	1246
डाइजेस्ट आफ सेंट्रल एक्ट्स (जनवरी, 1976 से आरंभ)	223

(1)	(2)
डायजैस्ट आफ लेजिस्लेटिव एण्ड कांस्टीट्यूशन केसेज (जनवरी, 1976 से आगे)	130
डायजैस्ट आफ न्यूज एण्ड व्यूज आन शिड्यूल्ड कास्टस एण्ड शिड्यूल्ड ट्राइब्स (जुलाई, 1974 से बंद किया गया)	1507
डाइजैस्ट आफ वर्ल्ड इवेन्टस (जून, 1975 से बंद किया गया)	3194
डाक्यूमेंटेशन पार्लमेन्टरी (जनवरी, 1975 से आगे)	2796
जर्नल आफ पार्लियामेंटरी इन्फार्मेशन	5787
पार्लियामेंटरी लाइब्रेरी बुलेटिन	3419
पब्लिक अफेयर्स टाइम्स - डायजैस्ट आफ न्यूज एण्ड व्यूज	3596
संसदीय पत्रिका (हिन्दी)	5136

3438 - प्रतिरक्षा लोक सभा के सदस्य श्री नाथन सिंह को लिखे जाने वाले पत्र

वर्ष	पुस्तिकों की संख्या	राशि रुपये पैसे
1971	155,506	81,977.96
1972	239,499	66,423.94
1973	396,948	70,507.35
1974	483,274	105,159.29
1975	338,620	65,629.95
1976	29,301	85,095.51
1977 (18-1-77 तक)	275	364.00
कुल	16,43,423	4,75,658.00

संसदीय अध्ययन तथा प्रशिक्षण ब्यूरो

केन्द्र तथा राज्यों में विधायी निकायों की निर्बाध, कुशल तथा त्वरित सेवा सुनिश्चित करने के लिए लोक सभा सचिवालय से संबद्ध प्रभाग के रूप में 1 जनवरी, 1976 को संसदीय अध्ययन तथा प्रशिक्षण ब्यूरो की स्थापना की गई। ब्यूरो की स्थापना, लोकतंत्रीय शासन प्रणाली के संचालन के लिए जिम्मेदार उन सभी व्यक्तियों जैसे विधायकों, नीति निर्माताओं, प्रशासकों, तथा विभिन्न स्तर के अन्य विभिन्न कार्यकर्त्ताओं को संसदीय संस्थानों के विभिन्न पहलुओं, प्रक्रिया तथा कार्य संचालन प्रणाली आदि के लिए क्रमबद्ध प्रशिक्षण, अनुस्थिति ज्ञान तथा समस्या और व्यवहारोन्मुख अध्ययन के लिए संस्थागत अवसर प्रदान करने के लिए की गई है।

ब्यूरो की गतिविधियों के कार्य इस प्रकार हैं:- नये विधायकों के लिए अनुस्थिति ज्ञान कार्यक्रम; संसद तथा राज्य विधानमंडल सचिवालयों के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण तथा स्मरणात्मक पाठ्यक्रम; भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा, भारतीय पुलिस सेवा तथा अन्य अखिल भारतीय सेवाओं के प्रतिनियोजित अधिकारियों के लिए तथा भारत सरकार के वरिष्ठ तथा मध्यम स्तर के पदाधिकारियों के लिए परिचयात्मक पाठ्यक्रम। ब्यूरो विदेश प्रशिक्षण की भी व्यवस्था करता है। जिसमें विदेशों के अध्ययन दौरे तथा भारत के विधानमंडलों के अधिकारियों को विदेशों में प्रतिनियुक्ति तथा विदेशों की विधानमंडलों के अधिकारियों का भारत में प्रशिक्षण, शामिल है। शिक्षाविदों, विश्वविद्यालय के अध्यापकों

का प्रशिक्षण तथा विश्वविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों के लिए 'लोक संसद' का आयोजन आदि कुछ अन्य कार्यक्रम भी व्यूरो ने बनाये हैं।

लोक सभा के माननीय अध्यक्ष महोदय ने 17 मार्च, 1976 को व्यूरो का उद्घाटन किया और तब से व्यूरो ने 25 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तथा कार्यक्रम चलाये और इनमें कुल 649 अधिकारियों ने भाग लिया।

(विवरण संख्या 35)

35. संसदीय अध्ययन तथा प्रशिक्षण ब्यूरो द्वारा चलाये गये पाठ्यक्रमों तथा कार्यक्रमों के ब्यौरे दिखाने वाला विवरण (17 मई, 1976 से 5 अप्रैल, 1977 तक)

	पाठ्यक्रम	प्रारम्भ किए जाने की तिथि	समाप्ति की तिथि	समय	भाग लेने वालों की संख्या
	1	2	3	4	5
1.	राज्य विधानमंडल सचिवालयों के मध्यम स्तर के अधिकारियों के लिए प्रथम सघन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम।	17-5-1976	24-7-1976	10 सप्ताह	20
2.	राज्य विधानमंडलों के मार्शल्स एट आर्म्स, सार्जेंट तथा लाज स्पेशल ऑफीसर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम।	13-9-1976	25-9-1976	2 सप्ताह	24
3.	कोलंबो योजना एसोसिएशन के वरिष्ठ संसदीय अधिकारियों के लिए अध्ययन तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम।	1-9-1976	30-9-1976	4 सप्ताह	1
4.	संसदीय अधिकारियों के लिए अंग्रेजी भाषा तथा लेखन कुशलता के लिए अनुस्थितिकालीन कार्य शिविर।	4-10-1976	28-10-1976	3 सप्ताह	26
5.	राज्य विधान मंडल सचिवालय के पुस्तकालयों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम।	19-10-1976	5-11-1976	3 सप्ताह	26
6.	भारत सरकार के उप सचिव तथा अवर सचिव पद के अधिकारियों के लिए संसदीय अध्ययन पाठ्यक्रम				
	प्रथम पाठ्यक्रम	9-11-1976	16-11-1976	6 दिन (दिन के पूर्वाह्न में)	29
	द्वितीय पाठ्यक्रम	24-11-1976	30-11-1976	- तदैव -	28
	तृतीय पाठ्यक्रम	10-12-1976	17-12-1976	- तदैव -	24
	चतुर्थ पाठ्यक्रम	23-12-1976	30-12-1976	- तदैव -	27

1	2	3	4	5
पंचम पाठ्यक्रम	11-1-1977	17-1-1977	- तदैव -	25
षष्ठ पाठ्यक्रम	9-2-1977	17-2-1977	- तदैव -	35
7. भारत सरकार के अनुभाग अधिकारियों तथा संसदीय सचिवों के लिए सघन तथा बुनियादी पाठ्यक्रम				
प्रथम सघन पाठ्यक्रम	3-1-1977	11-1-1977	6 दिन	24
प्रथम बुनियादी पाठ्यक्रम	1-2-1977	9-2-1977	6 दिन (दिन के पूर्वार्द्ध में)	43
द्वितीय बुनियादी पाठ्यक्रम	1-3-1977	9-3-1977	- तदैव -	42
8. भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए परिचयन पाठ्यक्रम।				
प्रथम पाठ्यक्रम	27-1-1977	31-1-1977	4 दिन	68
द्वितीय पाठ्यक्रम	23-2-1977	26-2-1977	4 दिन	72
9. कनिष्ठ वर्ग लिपिकों के लिए कंप्यूटर टाइपराइटिंग तथा आशुलिपि का बुनियादी पाठ्यक्रम।	15 जनवरी -	15 मार्च, 1977	दो सप्ताह (डेढ़ घंटा प्रतिदिन)	22
10. आशुलिपिकों के लिए सेवाकालीन पाठ्यक्रम	- तदैव -		दो सप्ताह (डेढ़ घंटा प्रतिदिन)	34
11. कनिष्ठ आशुलिपिकों के लिए सेवाकालीन पाठ्यक्रम।	- तदैव -		- तदैव -	32
12. हिन्दी आशुलिपिकों के लिए सेवाकालीन पाठ्यक्रम।	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	2
13. कनिष्ठ लिपिकों के लिए हिन्दी आशुलिपि का बुनियादी पाठ्यक्रम।	- तदैव -		-तदैव-	1

1	2	3	4	5
14. महाराष्ट्र विधान मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए अध्ययन तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम।	2 से 3 मार्च, 1977		-	1
15. उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए अध्ययन तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम	14 से 21 मार्च, 1977		-	1
16. भारत तिब्बत सीमा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए परिचयात्मक पाठ्यक्रम।	14-3-1977	21-3-1977	6 दिन	26
17. द्रुत गति मुद्रण प्रक्रिया तथा आशुलेखन पाठ्यक्रम	21-3-1977	5-4-1977	दो सप्ताह	16
			योग :	649